रांची, सोमवार, 23 दिसंबर 2024

संवत 2081, पौष कृष्ण आठ- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 107 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▶▶ बैन ड्रग्स के लिए युवाओं में बढ़ती तलब

अल्लू अर्जुन के आवास पर तोड़फोड़, हिरासत में लिए गए छह लोग ◀◀ 6


# खालिस्तानी कमांडो फोर्स के 3 आतंकी ढेर, दो एके-47 बरामद

● गोलियों की तड़तड़ाहट से दहला इलाका, आतंकियों ने बरसाईं गोलियां

● पंजाब में गुरदासपुर पुलिस चौकी पर हमले के थे आरोपी

एजेंसी

**पीलीभीत :** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के तीन आतंकियों को ढेर कर दिया है। मुठभेड़ में दो सिपाही भी घायल हुए हैं। एनकाउंटर में मारे गए आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार भी मिले हैं। दो एके-47 और दो ग्लॉक पिस्टल भी बरामद की गई हैं।

पीलीभीत के पूरनपुर इलाके में पंजाब और यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने यह बड़ी कामयाबी हासिल की है। पूरनपुर कोतवाली इलाके में हरदोई ब्रांच नहर के पास सोमवार सुबह करीब पांच बजे यह मुठभेड़ हुई।

खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के तीनों आतंकी पंजाब के गुरदासपुर में पुलिस चौकी पर हमले के मामले में वांछित थे। पंजाब पुलिस को इनकी तलाश थी। तीनों का










लोकेशन पीलीभीत के पूरनपुर में मिला। इस पर पंजाब पुलिस ने पीलीभीत पुलिस की मदद से सोमवार तड़के तीनों आरोपियों की घेराबंदी कर दी। तीनों आरोपी बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान हरदोई ब्रांच नहर के पास पुलिस से मुठभेड़ हो गई। तड़के पूरा इलाका गोलियां से दहला उठा। आसपास के गांवों में दहशत फैल गई। लोग समझ नहीं पा रहे थे कि आखिर हुआ क्या है। जानकारी मिली है कि आतंकियों ने एके-47 और पिस्टलों से पुलिस टीम पर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं। पुलिस की गाड़ी में भी गोली लगने के निशान मिले हैं। मौके से एक बाइक भी बरामद हुई है। पुलिस मुठभेड़ में घायल आरोपियों को लेकर सीएचसी पूरनपुर पहुंची, जहां तीनों को मृत घोषित कर दिया।

19 दिसंबर को पंजाब के गुरदासपुर के सरहदी कस्बा कलानौर थाने की बक्शीवाल पुलिस चौकी पर ग्रेनेड से हमला हुआ था। खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने सोशल मीडिया पर इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। कहा था कि जसविंदर सिंह बागी उर्फ मन्नू अगवान इस हमले का सरगना है।

## शराबी ने पिकअप वैन से कई लोगों को कुचला पांच की मौत, आठ घायल

**पूर्णिया :** थाना क्षेत्र के डोकवा गांव से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने नशे में धुत होकर कई लोगों को पिकअप वैन से कुचल डाला। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, वहीं 8 लोग घायल हो गए। घायलों में 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें इलाज के लिए मायागंज रेफर किया गया है। युवक ने शराब के नशे में धुत होकर मामूली विवाद की वजह से कई लोगों को पिकअप वैन से कुचल दिया, जिसमें दो लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक दर्जन के करीब लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार डोकवा गांव में अरुण मुनि पंचायत भवन के पास बैठा हुआ था। वह शराब के नशे में धुत होकर शोर मचा रहा था। गांव के कुछ लोगों ने उसे फटकार लगाते हुए कहा कि यहां से जाओ। इसी बात को लेकर विवाद काफी बढ़ गया और अरूण वहां से अपने घर गया। घर पर जाकर उसने अपना पिकअप वैन स्टार्ट किया और उसे फुल स्पीड में लेकर आया। इस दौरान सड़क किनारे जो भी मिला उसे रौंदते हुए वहां से भाग निकला। इस घटना में जहां 2 लोगों की मौके पर हीं मौत हो गई। वहीं करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। इलाज के दौरान 3 और मासूमों ने दम तोड़ दिया वहीं 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को पहले अनुमंडलीय अस्पताल धमदाहा में भर्ती करवाया गया जहां से सभी को पूर्णिया रेफर कर दिया गया है।

## ट्रैक्टर ने युवक को रौंदा इलाज के दौरान मौत

मेट्रो रेज

**सिल्ली :** अवैध बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से गंभीर रूप से हुए घायल हुए हलमाद निवासी दुर्गा प्रजापति 28 वर्ष की रिम्स में सोमवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गयी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार19 दिसम्बर की रात करीब 9 बजे सिल्ली से अवैध बालू लेकर आ रहे ट्रैक्टर चालक ने हलमाद पुल के समीप बाइक सवार दुर्गा प्रजापति को रौंद दिया था। अचेत अवस्था में पड़े दुर्गा को गांव के लोगों ने स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया था। जहां चिकित्सक ने उसकी स्थिति को देखते हुए रिम्स रांची रेफर कर दिया था। बताया जाता है कि आनन- फानन में परिजनों ने मेडिका अस्पताल रांची में भर्ती कराया था। तीन दिन तक मेडिका



में भर्ती रहने के बाद जब इलाज के लिए पैसों की कमी होने लगी तो परिजनों ने उसे मेडिका से हटाकर रिम्स ले आये। जहां सोमवार को इलाज के दौरान दुर्गा की मौत हो गया। उक्त ट्रैक्टर गोला थाना क्षेत्र के डोभातू निवासी अनिल कोईरी का बताया जा रहा है। इधर इस दुर्घटना के बाद गाड़ी के नहीं पकड़े जाने पर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

## फुटपाथ पर सो रहे 9 लोगों को ट्रक ने कुचला, 3 की मौत

**पुणे :** पुणे के वाघोली इलाके में रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। घटना केसनंद फाटा के पास हुई, जहां एक ट्रक फुटपाथ पर सो रहे लोगों के ऊपर से गुजर गया। पुलिस के अनुसार, ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है और इस बात की जांच की जा रही है कि क्या वह नशे की हालत में था। सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे। घायलों को इलाज के लिए सासून अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि फुटपाथ पर सो रहे अधिकांश लोग मजदूर थे।


प्रिय किसान भाईओं

जोहार !

कोई भी राष्ट्र किसान के बिना पूरी तरह से प्रगति नहीं कर सकता। और हमारा झारखण्ड भी एक कृषि प्रधान राज्य है। आपकी कड़ी मेहनत के बदौलत आज झारखण्ड ही नहीं पूरा भारत प्रगति कर रहा है।

झारखण्ड सरकार की उपलब्धियां :-

- झारखंड राज्य दलहन उत्पादकता में भारत में ही नहीं विश्व में अव्वल है।
- मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भर एवं केज कल्चर विधि से मत्स्य उत्पादन में अगुआ है।
- झारखण्ड सब्जियों के उत्पादन में भी आज आत्मनिर्भर एवं सब्जिओं का निर्यात दूसरे राज्यों में और विदेशों में भी।
- झारखण्ड राज्य सुकर उत्पादन एवं लाह उत्पादन में भी पुरे भारत में अव्वल है।
- आने वाले वर्षो हमारा राज्य मोटे अनाज के उत्पादन में, दुग्ध उत्पादन में तथा पशुधन उत्पादन में भी अव्वल स्थान पर होगा।

झारखण्ड सरकार द्वारा चलायी जा रही मुख्य कल्याणकारी योजनाएं :-

- कृषि ऋण माफी योजना
- समेकित बिरसा ग्राम सह कृषक पाठशाला
- सब्सीडी दर पर बीज वितरण
- उद्यान विकास, शीत एवं कोल्ड रूम का निर्माण
- टपक सिंचाई, तालाबों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार
- किसान समृद्धि योजना
- FPO को सहायता अनुदान
- झारखण्ड मिलेट मिशन,
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना
- ग्रामीण गोदामों का निर्माण
- कृषि ऋण पर ब्याज की माफी
- दुग्ध उत्पादकों को 5 रूपए प्रति लीटर की प्रोत्साहन राशि
- मत्स्य कृषकों के लिए केज कल्चर
- Bioflock विधि से मत्स्य पालन
- मत्स्य विपणन की सुविधा
- मछली बीज वितरण इत्यादि।



श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR- 342645 (Agriculture Animal Husbandry And Co-opretive Department)24-25

आप सभी को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से किसान दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

आप अपने किसी भी कृषि से संबंधित समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री कृषक सहायता हेल्प लाइन नंबर 0651-2490542/ 2491642 या किसान कॉल सेण्टर टोल फ्री नंबर-18001231136 कॉल करें तथा पशुधन स्वास्थ्य समस्या या पशु चलंत क्लिनिक सेवा के लिए टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करें।

शिल्पी नेहा तिर्की
माननीय मंत्री
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
झारखण्ड सरकार

## न्यूज ब्रीफ

### विजय महतो स्मृति मेला की तैयारी बैठक संपन्न



**मुरीः** नव वर्ष के शुभ अवसर पर एक जनवरी को सुरगुंजाडीह, लोटा में आयोजित कला प्रेमी स्व। विजय महतो स्मृति मेला की तैयारी बैठक हरिदास मुंडा की अध्यक्षता में की गई । बैठक का संचालन विकास कुमार महतो ने किया। बैठक में सर्व सम्मति से मेला कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, उपाध्यक्ष विकास कुमार महतो, सचिव लखीराम महतो, उप सचिव पशुपति महतो, कोषाध्यक्ष अर्जुन राम महतो, उप कोषाध्यक्ष पांडव महतो, एवं संरक्षक लोटा पंचायत पूर्व मुखिया रविंद्र नाथ मुंडा, दशरथ महतो, हरिदास मुंडा, राधिका महतो, को बनाया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से पंचपरगना ऑल आर्टिट्स एसोसिएशन के सचिव बजरंग पातर मुंडा, उप सचिव देवेंद्र नाथ महतो, कोषाध्यक्ष सरोज कुमार सिंह, उप कोषाध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, निर्देशक निलकांत यादव, उप निर्देशक परशुराम महतो लोकप्रिय कलाकर लखीराम नायक, दिनेश कुमार महतो, गुहिराम स्वाँसी, रामवृक महतो, साथ ही लोटा पंचायत पूर्व मुखिया रविंद्र नाथ मुंडा, समाजसेवी राधिका महतो, मंटू कालिंदी, पूर्व शिक्षक गणेश महतो, वैधनाथ महतो,लसुवा महतो, लंबोदर महतो, नेपाल महतो, लम्बोदर मुंडा, रतन लाल महतो, हरेन महतो, नरहरि मुंडा फेकन राम महतो, चन्द्र मोहन महतो, कन्तु महतो, कृष्ण मुंडा, चन्द्र मोहन महतो आशीष महतो व अन्य कलाकार बंधु गण एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### भतीजे ने की चाचा की हत्या



**मुरी :** हलमाद में भतीजे ने अपने बड़े पिता की हत्या कर दी। मृतक सुखदेव गोराई को मारने वाला भतीजा दिनेश गोराई पुलिस की हिरासत में हैं। मारने वाला दिनेश गोराई भी घायल है और डॉ रमणेश क्लीनिक में भर्ती हैं। सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर से इस संबंध में पूछा गया है। व्यस्तता के कारण जबाब नहीं दे पाए। चर्चा में है कि कुल्हाड़ी से मारने के कारण मौत हो गई।

### तिसरी में भाजपा का सदस्यता अभियान, बाबूलाल रहे मौजूद



**गिरीडीह :** तिसरी प्रखंड की बेलवाना पंचायत में भाजपा ने सदस्यता अभियान चलाया। अभियान में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज सैकड़ों लागों ने समूह में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अभियान लगातार चलेगा। 14 जनवरी तक घरझघर जाकर नए सदस्य बनाना है। इसके बाद बूथ, मंडल, जिला व प्रदेश कमेटी बनेगी, ताकि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में झारखंड की भागीदारी हो सके। मौके पर नुनुलाल मरांडी, चंदौरी मंडल अध्यक्ष सुनील साव, किसुन यादव, सुनील यादव, विकास कुमार, मुखिया प्रतिनिधि उमर फारूक, इंकज कुमार व अन्य मौजूद थे।

### खेलकूद जरूरी,बच्चों के शारीरिक विकास के लिए बोकारो में भी बने चाइल्ड ग्राउंड : मो करीमुल्ला

बोकारो : सड़क का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण जिस तरह सेल द्वारा किया जा रहा है सेल प्रबंधन का बहुत ही सराहनीय कदम है और इसके लिए सेल प्रबंधन बधाई के पात्र हैं। बोकारो विधायक श्वेता सिंह की पहल और उपायुक्त विजया जाधव के आदेश के बाद जिस तरह बस स्टैंड को भी सौंदर्य करण करने का काम सेल द्वारा किया जा रहा है इससे लोगों को काफी सहूलियत होगी और आने-जाने में लोगो को हो रही परेशानीयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह बातें सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद करीमुल्ला ने कहा। उन्होंने कहा कि सरकार,सेल प्रबंधन और जिला प्रशासन के सहयोग से जो फोर लेन और टु लेन बना है इससे दुर्घटना घटी है लोगो को काफी सहूलियत हो रही है। लेकिन वहीं सड़क के किनारे बहुत तेजी से लोग अतिक्रमण कर रहे हैं यह चिंता का विषय है सड़क के किनारे ही बड़े-बड़े गाड़ियां और दुकान ठेले सहित लगाकर सड़क को जाम कर दिया जा रहा है जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### गरगा नदी को प्रदूषण एवं अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर दामोदर बचाओ आंदोलन करेगा रिपोर्ट तैयार

**बोकारो :** दामोदर बचाओ आंदोलन के बैनर तले आरएन इंटर कॉलेज में एक आवश्यक बैठक बोकारो जिला संयोजक सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदूषण नियंत्रण पर चर्चा किया गया एवं निकट भविष्य में दामोदर बचाव आंदोलन पर नेता एवं जमशेदपुर के विधायक सरयू राय का बोकारो आगमन पर जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन करने का निर्णय लिया गया तथा आगामी कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन को मजबूत करने और विस्तार करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया की गरगा नदी को प्रदूषण एवं अतिक्रमण मुक्त करने के लिए एक कमेटी बनाई गई जो संगठन के द्वारा गोपाल शाह के नेतृत्व में गरगा नदी का निरीक्षण कर संगठन को रिपोर्ट सौपने के जिम्मेदारी दी गई इसके बाद एक प्रतिमंडल उपायुक्त बोकारो से मिलकर सारी समस्याओं से अवगत कराएगी। बैठक में मुख्य रूप से बोकारो जिला कमेटी के द्वारा विभिन्न क्षेत्र से आए हुए अशोक जग नानी, सुरेंद्र गिरी, उदय कुमार सिंह, डॉक्टर रतन केजरीवाल, शिवकुमार श्रीवास्तव,वाल्मीकि प्रसाद सिंह, करमचंद गोप ,आशीष कुमार महतो, डॉ अशोक कुमार ,सुनील कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# क्रिसमस से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के आर्कबिशप से की मुलाकात, दी शुभकामनाएं

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी और झामुमो नेता कल्पना सोरेन के साथ क्रिसमस से पहले आर्कबिशप विंसेंट आइंद के आवास पर गए । मुख्यमंत्री ने लोगों को क्रिसमस उत्सव की शुभकामनाएं दीं। हेमंत सोरेन ने आर्कबिशप से मिलने के बाद कहा, क्रिसमस का त्योहार चल रहा है। रांची में लोग इस त्योहार को बेहद खुशी के साथ मनाते हैं। मैं राज्य और देश के लोगों को शुभकामनाएं देता हूं। कल्पना सोरेन ने कहा कि वे बिशप का आशीर्वाद लेने आए थे आज, हम यहां बिशप का आशीर्वाद लेने आए हैं। 2024 को अलविदा कहने और एक नए साल का स्वागत करने के लिए, मैं सभी को अपनी शुभकामनाएं देती हूं। इस बीच, प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में अपने मुख्यालय में कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) द्वारा आयोजित क्रिसमस समारोह में शामिल होंगे । विज्ञप्ति में बताया गया कि



यह पहला अवसर है जब कोई प्रधानमंत्री भारत में कैथोलिक चर्च के मुख्यालय में किसी कार्यक्रम में भाग लेंगे। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री कार्डिनल, बिशप और आम लोगों सहित ईसाई समुदाय के प्रमुख नेताओं से भी बातचीत करेंगे। 1944 में स्थापित कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) देश भर में कैथोलिकों का प्रतिनिधित्व करने वाला प्राथमिक संगठन है। इससे पहले गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन के आवास पर क्रिसमस समारोह में भाग लिया, जहाँ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया और ईसाई समुदाय के प्रमुख सदस्यों से बातचीत की। क्रिसमस हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाता है, जो ईसा मसीह के जन्म का प्रतीक है और इसे दुनिया भर में अरबों लोग धार्मिक और सांस्कृतिक दोनों तरह से मनाते हैं। क्रिसमस की पूर्व संध्या पर , देश भर में लोग आधी रात को प्रार्थना सभाएँ करते हैं और चर्चों को रोशनी से जगमगाते हैं। उत्सव के मौसम की शुरूआत करने के लिए लोग पटाखे फोड़ते हैं। ईसाई धर्म के सबसे पवित्र दिनों में से एक के रूप में, क्रिसमस अक्सर परिवार और दोस्तों के साथ मनाया जाता है। लोग क्रिसमस ट्री लगाते हैं , अपने घरों को रोशनी और मालाओं से सजाते हैं और समारोहों की मेजबानी करते हैं। इस दिन घर वापसी, गर्मजोशी से भरे पारिवारिक पुनर्मिलन और जश्न मनाने वाले भोजन की भी विशेषता होती है। कैरोल गायन, चमकदार क्रिसमस लाइटें और भव्य रूप से सजाए गए क्रिसमस ट्री उत्सव की भावना को और बढ़ा देते हैं।

## पेड़ उखाड़ने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की हत्या

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिले के मानगो थाना अंतर्गत कुमरुम बस्ती में रसिक मांझी (50) की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उसके सीने और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने घटना के सिलसिले में दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। उनका कहना है कि रसिक की मौत शराब के नशे में होने के कारण धक्का लगने से हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रसिक स्थानीय ग्रामीण है और पारडीह बस्ती टोला कुमरुम का मूल निवासी था। वह एनएच 33 मामा-भगिना होटल के पीछे रहता था। उसके घर के पास ही दो भाइयों धनंजय कुमार और मृत्युंजय कुमार का घर है। ये दोनों भाई रविवार को रास्ते में लगे एक पुराने पेड़ को उखाड़कर जमीन खोद रहे थे। यह देख रसिक मांझी वहां आ गया और दोनों को रोका। दोनों के बीच हाथापाई हुई। इसमें रसिक गिर गया और मौके पर ही उसकी



मौत हो गई। शव को आंगन में ले आए दोनों भाईयों ने रसिक को मौके से उठाकर आंगन में लाया और अपने घर चले गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों भाइयों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया तथा शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। उधर, गिरफ्तारी के बाद दोनों भाइयों ने बताया कि रसिक शराब पीने का आदी है। उसके साथ किसी तरह की मारपीट नहीं की गयी। वह उनसे झगड़ा कर रहा था, जिसमें उन लोगों ने उसे धक्का दे दिया। इससे वह गिर गया और उसकी मौत हो गयी। डीएसपी भोला प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सभी साक्ष्यों की जांच की जा रही है और उसके बाद ही पुलिस किसी निर्णय

## डायन- बिसाही के आरोप में छोटे भाई ने की बड़े भाई की हत्या

**सिल्ली :** बीती रात सिल्ली थाना क्षेत्र में छोटे भाई ने बड़े भाई की टांगी से काट कर हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। मामला थाना क्षेत्र के हलमाद गांव का बताया जाता जाता है। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है। इस घटना के संबंध में बताया जाता है कि बीती रात करीब 9 बजे डायन बिसाही को लेकर हलमाद निवासी दीगम्ब गोराई का अपने संगा बड़े भाई सुखदेव गोराई के साथ पहले तू- तू मैं -मैं हुआ । उसके बाद गुस्से में आकर दीगम्ब गोराई ने अपने बड़े भाई सुखदेव गोराई 55 बर्ष की टांगी से काटकर हत्या कर दी। बताया यह भी जाता है कि हत्यारा दीगम्ब गोराई नशे में था और अपने घर पर ही अवैध महुआ दारू बेचता है।

## ऑर्केस्ट्रा डांसर की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

**पलामू :** जिले में रविवार दोपहर एक सनसनीखेज घटना सामने आयी। पुलिस ने बताया कि अज्ञात हमलावर ने 30 वर्षीय ऑर्केस्ट्रा डांसर की गोली मारकर हत्या कर दी। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के हरिहर चौक के पास नर्तकी मोहल्ला स्थित अपने घर में पूजा कुमारी नाम की डांसर को सिर में गोली मारी गई। घटना रविवार शाम चार बजे की है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद पीड़िता का शव परिजनों को सौंप दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि घटना के सिलसिले में छह लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ जारी है। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि पुलिस को शक है कि हिरासत में लिए गए लोगों में अपराधी भी शामिल हैं। हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोहम्मद याकूब ने भी घटनास्थल का दौरा किया। मृतक डांसर के परिजनों का बयान दर्ज किया जा रहा है। शुरूआती जांच में पता चला है कि अपराधियों ने महिला को फोन कर घर से बाहर बुलाया था। पूजा देवी अपनी दस वर्षीय बेटी के साथ घर से महज सौ कदम की दूरी पर पहुंची थी। अपराधियों ने उसे एक होटल के पास बुलाया और किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। इसी बीच अपराधियों में से एक ने पिस्तौल निकाल कर उसकी बायीं कनपटी पर गोली मार दी। महिला की हत्या से आक्रोशित लोगों ने रविवार की शाम जपला दंगवार मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। आक्रोशित ग्रामीण अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ ही मृतक के आश्रित को बीस लाख रुपये मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब जाम स्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया।

### बालू चोरी रोकने को लेकर पुलिस ने धमनी नदी घाट पर बनाया कैंप



**गोड्डा :** बालू तस्करों पर लगाम कसने के लिए गोड्डा पुलिस पूरी तरह से सक्रिय हो गई है। बालू चोरी रोकने व तस्करों पर नजर रखने के लिए धमनी नदी किनारे पुलिस का अस्थाई कैंप बनाया गया है। इससे तस्करों में हड़कंप है। बालू तस्करी को लेकर सुंदरपहाड़ी प्रखंड क्षेत्र हाल ही में चर्चा में आया था। सुंदरपहाड़ी के अंचलाधिकारी ने धमनी नदी घाट पहुंचकर बालू लदे चार ट्रैक्टरों को जब्त किया था। इससे नाराज तस्करों ने सीओ पर हमला कर दिया और जब्त ट्रैक्टरों को छुड़ा ले गए थे। सुंदरपहाड़ी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीओ व अन्य अधिकारियों को छुड़ा लाई थी। इस मामले में पुलिस ने जिप सदस्य के पति शैलेश साह, भागवत पंडित समेत अन्य लोगों को जेल भेज दिया था, जबकि कई फरार आरोपियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। सीएम हेमंत सोरेन का चुनाव क्षेत्र होने के कारण यह घटना सुर्खियों मे थी। एसपी के निर्दश पर धमनी नदी घाट किनारे अस्थाई कैंप बनाकर वहां पुलिस बलों की तैनाती की गई है।

## आगमन काल के अंतिम रविवार पर गिरजाघरों में उमड़े विश्वासी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** आगमन काल के अंतिम रविवार को रांची के गिरजाघरों में बड़ी संख्या में विश्वासी पहुंचे। पुरुलिया रोड स्थित संत मरिया महागिरजाघर, बहुबाजार स्थित संत पॉल्स कैथेड्रल, मेन रोड स्थित क्राइस्ट चर्च, डोरंडा स्थित ऑल सेंट्स चर्च, होली एंजिल्स चर्च कोकर, खीस्त राजा चर्च कांके, सामलौंग चर्च और होली ट्रिनिटी चर्च कडरू सहित अन्य गिरजाघरों में विशेष आराधना हुई।

क्राइस्ट चर्च में एनडब्ल्यूजीइएल चर्च के विश्वासियों के लिए हुई आराधना का संचालन रेव्ह यीशु नासरी ने किया। उपदेश रेव्ह सालमोन एक्का ने दिया। रेव्ह सालमोन एक्का ने कहा कि हम सभी अब यीशु मसीह का जन्म पर्व



मनाने वाले हैं। पर क्या हम उसके आगमन के लिए तैयार हैं? रेव्ह सालमोन ने कहा कि क्या ऐसा तो नहीं कि हम अभी भी संसार की व्यर्थ की बातों में उलझे हैं। अगर हमें इन बातों को छोड़कर अपने उद्धारकर्ता की शांति पाना है, तो सोचना होगा कि हम यीशु मसीह के लिए कितना तैयार हैं? कि जब वे न्याय करने आयेंगे, तो हम सभी ग्रहण योग्य हो। होली ट्रिनिटी चर्च कोकर में रेव्ह सिकंदर नाग ने कहा कि पाप की वजह से ईश्वर और मनुष्य का जो संबंध टूट गया था, यीशु के जन्म से वह संबंध फिर से स्थापित हो गया।

### रामगढ़ में दो आपराधिक गिरोहों से जुड़े 13 लोग गिरफ्तार

**रामगढ़:** पुलिस ने झारखंड के विभिन्न जिलों से दो आपराधिक गिरोहों से जुड़े 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनके पास से करीब 1।41 लाख रुपये नकद और एक पिस्तौल बरामद की गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरोह के सदस्य ट्रांसपोर्टरों, ठेकेदारों और निर्माण कंपनियों को जबरन वसूली के लिए धमकाने में कथित रूप से शामिल थे। पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि उन्हें रामगढ़, हजारीबाग और पतरातू में कई स्थानों से गिरफ्तार किया गया है। आगे की जांच जारी है।

## जंगल से एक ही गड्ढे में मिला लापता युवक और महिला का शव, एक गिरफ्तार

### बदले की भावना से पत्थर से कूचकर की गयी थी दोनों की हत्या

### विकास ने पुलिस को सूचना देकर पोस्ता की खेती कराया था नष्ट

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**प्रतापपुर (चतरा):** 13 दिसंबर से लापता आशा देवी (30 वर्ष) व विकास कुमार यादव (26 वर्ष) का शव पुलिस ने थाना क्षेत्र के बामी सुगरीगढ़ा जंगल के गड्ढे से बरामद किया है। आशा देवी बामी गांव व विकास कुंदा थाना क्षेत्र के मेदवाडीह गांव का रहनेवाला था। दोनों की हत्या पत्थर से कुचल कर की गयी थी। इसके बाद शवों



को पांच फीट गहरे गड्ढे में गाड़ दिया गया था। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया है।

दोनों के परिजन ने पुलिस को दिया था लापता होने का आवेदनः दोनों के लापता होने पर उनके परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए थाना में आवेदन दिया था। पुलिस को 15 दिसंबर को इन दोनों के बारे में कुछ सूचना मिली। इसके बाद बामी जंगल में शवों की तलाश की जा रही थी। इस संबंध में एसडीपीओ संदीप सुमन ने कहा कि सूचना मिलने पर उक्त जंगल से शवों को बरामद किया गया। दोनों की हत्या कर साक्ष्य छुपाने के लिए हत्यारों ने शवों को गड्ढे में गाड़ दिया था। परिजनों के आवेदन के आधार पर जोरी निवासी साबिर मियां को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा। वहीं, दूसरी ओर परिजनों ने आरोप लगाया कि विकास ने पुलिस को सूचना देकर पोस्ता की खेती को नष्ट कराया था। बदले की भावना से विकास की हत्या की गयी है। वहीं महिला की हत्या के कारणों का पता नहीं चल पा रहा है। इसे लेकर लोग तरह-तरह की आशंका जता रहे हैं। इस दोहरे हत्याकांड से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। अभियान में एसडीओ जहुर आलम, एसडीपीओ संदीप सुमन, सीओ विकास शामिल थे।

### प्लास्टिक फ्री महाकुंभ बनाने की तैयारी में जुटा आरएसएस

# 'एक थाली, एक थैला अभियान' से मिलेगी मदद





संवाददाता

**रांची:** प्रयागराज में महाकुंभ को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देश के विभिन्न हिस्सों में घूम-घूम कर एक थाली, एक थैला अभियान चलाया है। संघ का यह अभियान श्रद्धालुओं की सेवा के साथ ही स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी लोगों को जागरूक और प्रेरित कर रहा है। महाकुंभ में पत्ते, थर्मोकोल और प्लास्टिक के कप-प्लेट, गिलास व थालियों का बड़े पैमाने पर उपयोग रोकने के लिए यह अभियान चलाया गया है।

घर-घर जाकर लोगों से अपील करके उनसे सहयोग स्वरूप नई थालियां, प्लेटें, गिलास व थैले जमा किए गए हैं।

सेवा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की भावना इन चमचमाती थालियों की चमक को कई गुना बढ़ा रही हैं। अब तक 12 लाख थालियां और थैलों के साथ 2.5 लाख छोटे गिलास का संग्रह किया जा चुका है। अभियान में लगे स्वयंसेवक हर घर से एक या उससे अधिक स्टील की नई थाली, प्लेट तथा सूती कपड़े व जूट के थैलों का संग्रह कर रहे हैं।

**भंडारा व लंगर में इनकी दिखेगी विशेष उपयोगिता:** इन्हें धोकर बार-बार इस्तेमाल किया जाएगा, जबकि प्लास्टिक व थर्मोकोल की प्लेटों का एक ही बार उपयोग होने के कारण बार-बार कचरा फैलता जाता है।

**कई प्रांतों में हुआ है बेहतर कार्य:** अभियान की सफलता और लोगों का उत्साह ऐसा रहा कि राजस्थान के कई जिलों में तो स्टील की थाली दुकानों में समाप्त हो गई। राजस्थान, दिल्ली, गुजरात और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोगों ने बढ़-चढ़कर इस अभियान में भाग लिया।

देश के सभी प्रांतों में संग्रह की गई थालियां व थैला निशुल्क अग्रवाल ट्रांसपोर्ट एजेंसी के माध्यम से प्रयागराज पहुंचने लगी है। रविवार तक 3.5 लाख थालियां, थैला और गिलास महाकुंभ स्थल पर पहुंच गया है।

इस अभियान में आरएसएस के पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के साथ-साथ गो सेवा गतिविधि, ग्राम विकास एवं कई समवैचारिक संगठन लगे हैं। कई सामाजिक संगठन भी सहयोग कर रहे हैं। जो लोग स्वयं से थाली और थैला नहीं खरीद पाए उनसे 150 रुपये लेकर अभियान में लगे लोगों द्वारा खरीदारी की गई।

**थालियों का वितरण अखाड़ों में किया जाएगा:** संग्रह की गई सभी थालियों को महाकुंभ में उन अखाड़ों के बीच वितरित किया जाएगा, जहां प्रत्येक दिन सैकड़ों लोग भोजन करते हैं। इन थालियों के कारण जब लोग डिस्पोजल पर भोजन नहीं करेंगे तो वहां कचरे का जमावड़ा नहीं होगा। पिछले कुंभ में अखाड़ों से कचरे के रूप में 8000 टन प्लास्टिक और 40,000 टन डिस्पोजल निकला था।

**कई अखाड़ों ने शुरू की थालियों की मांग:** स्वयंसेवक संघ महाकुंभ में आने वाले लोगों से प्लास्टिक नहीं लेकर आने का आग्रह कर रहा है। इसके साथ ही जो लोग वहां पहुंचेंगे, उनके बीच थैला का वितरण स्वयंसेवक करेंगे। इसके लिए संघ कार्य की दृष्टि से तय सभी 11 क्षेत्रों से अलग-अलग समय पर स्वयंसेवकों को महाकुंभ में पहुंचने का आग्रह किया गया है। इसके लिए सभी क्षेत्रों की तिथि तय कर दी गई है।

## धूमधाम से मना दयानंद आर्य विद्यालय का 25वां वार्षिक उत्सव



**रांची:** दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल कंदरी चौक, मांडर परिसर में रविवार को विद्यालय का 25वां वार्षिक उत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ त्रिवेणी साहू, विशिष्ट अतिथि डॉ आरके झा, प्राचार्य डीपीएस सेल टाउनशिप रांची, नीरज सिन्हा प्राचार्य, फिरायालाल पब्लिक स्कूल रांची, राजेश पिल्लई प्राचार्य केरली पब्लिक स्कूल रांची, डॉक्टर बबन प्राचार्य सेवन स्टार अकैडमी हेहल, एलेक्सिया बेक, प्राचार्य संत एनी कान्वेंट स्कूल मांडर, अराफात हसन प्रबंधक मुनम पब्लिक स्कूल हजारीबाग एवं छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसके शर्मा ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम से सभी को किया मंत्रमुग्धः विद्यालय के निदेशक डॉ राजेश दत्त ने विद्यालय का 25वां वर्षगांठ पर विद्यालय के द्वारा संपूर्ण विवरण पेश किया। कुलपति झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी ने अपना आशीर्वचन बच्चों एवं विद्यालय के परिवार को दिए। जिससे बच्चे काफी लाभान्वित हुए। वर्षगांठ पर बच्चों के द्वारा पेश रंगारंग कार्यक्रम से सभी मंत्रमुग्ध हो गये। अभिभावक एवं अतिथियों ने भी कार्यक्रम का खूब आनंद लिया। इससे पूर्व समस्त अतिथियों का विद्यालय के निदेशक ने सम्मानित किया। मौके पर शामिल भाजपा झारखंड युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर एवं भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने विद्यालय का मान बढ़ाया। सफल बनाने में विद्यालय परिवार के अवेश दत्त, मुकेश कुमार, सुनील कुमार, शमशेर खान, विजय कुमार एवं अन्य कर्मचारी शामिल थे।

## उत्सव मेला के समापन समारोह में शामिल हुए सीएम हेमंत सोरेन व कल्पना सोरेन



**रांची:** पुरूलिया रोड स्थित लोयला मैदान में पांच दिवसीय उत्सव मेला का सपापन हो गया। मुख्य अतिथि सीएम हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन और आर्च बिशप विंसेंट आईंद शामिल हुए। मेला उत्सव में क्रिसमस केक काटा गया। युवाओं को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि क्रिसमस उत्सव को हर्षोल्लास से मनायेंगे। जिस प्रकार यीशु मसीह धरती पर प्रेम, शांति लेकर आये थे, उसी प्रकार समाज में क्रिसमस प्रेमपूर्वक और नम्रता से मनाएंगे। युवा गायकों को उत्सव मेला में नया मंच प्रदान किया गया। 2024 को यादगार बनाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मेले के आखिरी दिन में युवाओं की भीड़ देखी गई।

मंच संचालन जेवियर खलखो ने किया। समारोह में कांके के लाइट हाउस ने मेला में मौजूद भीड़ को क्रिसमस गीतों खूब रिझाया। नाचने और झूमने के लिए लोगों को विवश कर दिया। गायक निलेश टोप्पो ने टुकुर टुकुर देखेला मरियम कर कोरा में टुकुर टुकुर देखेला जोसेफ कर कोरा के गीतों से सबको झुमाया। मेले में ड्रम वादक जेम्स ने ताल पर ताल मिलाया। गीत का धुन गिटार वादक आशिष ने साथ दिया। इन सबों ने कीबोर्ड वादक आयुष से राग मिलाया। समापन कार्यक्रम में अध्यक्ष जोसेफ टोप्पो, कार्यकारणी अध्यक्ष सुनिल खलखो, मुख्य संरक्षक सुनिल लकड़ा, सचिव जोन लकड़ा, कोषाध्यक्ष दीपक बाड़ा, सदस्य रंजित बाड़ा, जुलियन केरकेट्टा, मधु कच्छप, अनिमा एक्का, राजन कच्छप, गोपाल एक्का व रवि खलखो समेत अन्य शामिल थे।

## झारखंड में बदलेगा मौसम का मिजाज,बारिश से बढ़ेगी ठंड, कोहरा भी करेगा परेशान, अलर्ट जारी



**रांची:** कड़ाके की ठंड के बीच फिर झारखंड में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। 24 दिसंबर को राज्य में आंशिक बादल छाए रहेंगे। उत्तर-पश्चिमी और दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं पर हल्की बारिश हो सकती है। 28 दिसंबर तक सुबह में कोहरा या धुंध और उसके बाद आसमान साफ रहने का अनुमान है।

मौसम विभाग ने अपने पूवार्नुमान में बताया है कि झारखंड में 23 दिसंबर की सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा या धुंध और उसके बाद आसमान साफ रहेगा। अगले दिन मंगलवार को मौसम का मिजाज बदलेगा। आसमान में बादल छाए रहेंगे। कहीं-कहीं पर हल्की बारिश हो सकती है।

**24 दिसंबर को हल्की बारिश के आसार:** झारखंड के उत्तर-पश्चिमी भागों में पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, कोडरमा और लोहरदगा जिले आते हैं। दक्षिणी भागों में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां जिले आते हैं। इन जिलों में 24 दिसंबर को कहीं-कहीं पर हल्की बारिश हो सकती है। रांची और उसके नजदीक के इलाकों में 28 दिसंबर तक सुबह में कोहरा या धुंध और उसके बाद आसमान साफ रहने का अनुमान है।

**पिछले 24 घंटे में चतरा का रहा न्यूनतम तापमान:** पिछले 24 घंटे में झारखंड में कहीं-कहीं पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई है। सर्वाधिक बारिश 20.6 मिमी तोरपा (खूंटी) में हुई है। सबसे कम न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस चतरा में दर्ज किया गया, जबकि सबसे अधिक अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस गोड्डा में रिकॉर्ड किया गया।

## धूमधाम से मना एचएम पब्लिक स्कूल का 25वां वार्षिकोत्सव



मेट्रो रेज

**रांची :** एचएम पब्लिक स्कूल का 25 वां वार्षिकोत्सव (सिल्वर जुबली) धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि संजय सेठ ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय नाथ साहदेव, पूर्व उपमहापौर राँची नगर निगम, डॉ० मुकुंद चंद्र मेहता, कुलानुशासक राँची विश्वविद्यालय, डॉ सुदेश कुमार साहु, छात्र कल्याण विभाग राँची विश्वविद् यालय, डॉ० विष्णुचरण महतो प्राचार्य आरएलएसवाई कॉलेज, रांची व डा० विनय भरत विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग डीएसपीएमयू, रांची उपस्थित थे।

सबसे पहले झारखंड के पारंपरिक नृत्य नागपुरी झूमर के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। नागपुरी नृत्य करते हुए अतिथियों को सभास्थल तक लाया गया। इसके पश्चात अतिथियों को बुके एवं बैज देकर सम्मानित किया गया। प्रचंड शंखनाद एवं 'तमसो मा ज्योर्तिगमय' के उद्घोष के साथ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों ने गणेश वंदना के साथ की।

कार्यक्रम में विभिन्न वर्ग के बच्चों के द्वारा बहुत सारे गीत, नृत्य, नाटक आदि प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्राचीन काल से चले आ रहे विभिन्न नृत्य शैलियों को रंगमंच पर उतारना था जिसमें बच्चों ने अपना सराहनीय योगदान दिया। मुख्य कार्यक्रमों में प्री नर्सरी से कक्षा दो तक के लगभग 300 बच्चों ने जितेन्द्र के 14 गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया जिसे दर्शकों ने काफी सराहा। इसके अतिरिक्त विभिन्न कक्षा के बच्चों ने अंग्रेजी गाना 'हील द वर्ल्ड' पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में एच. एम. प्ले स्कूल के बच्चों ने रिमिक्स गानों पर बहुत ही सुंदर प्रस्तुतिकरण दिया। कक्षा तीन और चार के बच्चों ने थीम आधारित एक्ट जिसमें नारी सशक्तिकरण, वन संरक्षण एवं सोशल मिडिया के दुष्प्रभाव को नृत्य के द्वारा प्रस्तुत किया। कक्षा पाँच से दस तक के बच्चों ने नृत्य की विभिन्न शैलियों को पारंपरिक रूप से प्रस्तुत किया जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों के क्षेत्रिय नृत्य-संगीत को मनमोहक साज-सज्जा के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसमें संस्कृत स्तोत्र, राजस्थानी, मणीपुरी- छत्तीसगढ़ी, उत्तराखंडी, बंगाल का बाउल नृत्य, आसामी बिहु, गुजराती गरबा झारखंड का कलशा, पायका, मदार्नी झूमर आदि पर बच्चों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। शास्त्रीय संगीत में कथक, ओडिशी एवं भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत किया गया। नृत्य शैलियों में विभिन्न गानों पर कव्वाली, सूफी एवं गजल को भी शामिल किया गया।

इस अवसर पर संजय सेठ एवं अन्य अतिथियों ने बच्चों एवं शिक्षकों के प्रयासों को काफी सराहा एवं कहा कि शिक्षाजगत से जुड़े सभी संस्थाएँ भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है। इस क्षेत्र में शिक्षा को फैलाने के लिए एच. एम. पब्लिक स्कूल एवं एच. एम. प्ले स्कूल जो काम कर रहा है, वह बहुत ही सराहनीय है। विशिष्ट अतिथियों में श्री अजय नाथ साहदेव, डा० मुकुंद चंद्र मेहता, डा० सुदेश कुमार साहु, डा० विष्णु चरण महतो एवं डा० विनय भरत ने भी अपने अनमोल विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्राचार्य अरविंद कुमार, कुमार कमलेश, पूनम देवी एवं संयुक्ता देवी का मुख्य योगदान रहा। शिक्षकों में डा० मोहन प्रकाश, रंजीत कुमार, सरिता एक्का, अंजलि सेन, अनामिका सिंह, सती सिन्हा, सुजाता, सुप्रभा, पुष्पा, रवि, पुनीत, वासुदेव, कल्पना, नीलम, सरोज, गोविंद, संगीता, कंचन, सुमन, शोभा, संतोषी, दीपिका, मीना, प्रतिभा, प्रीति, पल्लवी, सोनी, मनीषा, शुभम, ओनिमा, ममता दास, बबीता, सुजाता खेस, ममता महतो, काजल, जया, ज्योति, सुजाता खलखो, वीणा, नागेंद्र, वैसाखी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय के सहायकों में नीलेश, लता, रानी, गौतम, मंजु, मनीषा, पुष्पा, रुकमणि, इमलेन नीलिमा आदि का भी कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ ।

## तीन दिवसीय युवा महोत्सव रीझ रंग का रंगारंग समापन, विजेता हुए पुरस्कृत

**रांची:** रांची विवि में तीन दिवसीय युवा महोत्सव रीझ रंग का रविवार को रंगारंग समापन हो गया। समापन समारोह में सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि आठ से 12 जनवरी तक बंगाल के सिस्टर निवेदिता विवि में होनेवाले युवा महोत्सव में रांची विवि के विद्यार्थी अमिट छाप छोड़ेगे। उन्होंने विजयी विद्यार्थियों को स्पोर्ट्स कॉन्वोकेशन में मंच पर शामिल होने की बात कही। म्यूजिक और डांस विभाग के छात्रों के तीन ग्रुप को 11-11 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की।इवेंट्स के ये रहे विजेता प्रतिभागी युवा महोत्सव के विजेता प्रतिभागियों में प्रियांशी, अरमिता यादव, अंजलि रिद्धी राय, खुशबू, श्रेया, साक्षी कुमारी, रिया पॉल, क्रिस्टिना सुलेखा होरो, धीरज कुमार तांती, चंदन कुमार, दिव्या कुमारी, राधा शर्मा, अंकिता गाड़ी, अमन सोनी, पलक कुमारी, खुशबू कुमारी, सारथी गोराई, नाहिद, दीक्षा सिंह, श्वेतांबरी श्री, खुशबू कुमारी, अर्पित, नायाब फरीदी, आदित्य कुमार राय, नीलेश कुमार, निशात, रोहित प्रकाश व सृष्टि, मनीषा कच्छप, मेरोलीन लुगून, सारा उपाध्याय, वैष्णवी कुमारी, नेहा लहेरी, नेनिफर मसीह, जीतेंद्र कुमार, आयुष अंजन दूबे, अर्चना कुमारी झा, अर्शी परवीन, कौशिकी कुमारी, महक शिखर, निशु महतो, पुष्पांजलि शर्मा, रोमा बनर्जी, सोमा कर्मकार, सोनल कुमारी व सुरभि केसरी, मो अदनान सामी, सूरज रजक, केशव कुजूर, श्रेया पासवान, रागिनी सिंह, आस्था प्रसाद, प्रकृति प्रिया, सादिया खान, शर्मिता उरांव, सूरज कुमार,उम्मे एमन, शिवम कुमार प्रजापति, प्रणव राम तिवारी, निशांत उरांव, सूर्यांश कुमार, निधि कुमारी, आकाश कुमार, दीक्षा कुमारी, खुशबू राज, शुभम कुमार, मान्या पांडेय, दीक्षा कुमारी, वैशाली कुमारी, प्रणव राम तिवारी, आदित्य, अभिषेक घोष सहित अन्य शामिल हैं।

### 2024 को विदा करने व 2025 के स्वागत की तैयारी

## रांची में पहली बार होगा मास्क पार्टी का आयोजन, सैकडों कपल होंगे शामिल




**रांची:** 2024 बीतने में अब कुछ ही देन शेष है। इसे यादगार बनाने के लिए युवा कपलों को एक नया मंच देने जा रहे है। जिसमें 2024 को यादगार बनाएंगे और नये साल 2025 का स्वागत करेंगे। इसमें पुणे के डीजे साउंड और झारखंड के स्थानीय युवा कलाकारों को भी आमंत्रित किया है। हटिया स्थित ओबोरिया रोड स्थित बिशु पैलेस में प्रोग्राम अध्यक्ष अर्पित वर्मा, सिद्धांत सिंह ने मीडिया को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि 31 दिसम्बर को रांची में हटिया रोड के ओबोरिया रोड में पहली बार मास्क पार्टी का आयोजन होगा। इसमें चार सौ से अधिक कपल हिस्सा लेंगे। इवेंट ब्लिस द्वारा कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम का थीम मास्करेड 25 रखा गया है। सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। इसके लिए महिला पुरूष बाउंसर और पुलिस सुरक्षा का खास इंतजाम किए गए हैं। महिलाओ की सुरक्षा के लिए सैकडों कार्यकार्ता मौजूद रहेंगे।

**कपल उठा सकते हैं स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ:** कार्यक्रम अध्यक्ष ने कहा कि मेहमानों को लाइव डीजे प्रदर्शन के साथ एक उत्साहजनक माहौल देने का प्रयास किया जा रहा है। यहां पर कपल स्वादिष्ट भोजन का लुप्त उठा सकेंगे। लोगों को अपने पसंद का स्वाद का विशेष रूप से तैयार मेनू मिलेगा। आकाश में शानदार आतिशबाजी की जाएगी। नए साल की शुरूआत नये अंदाज में देखने को मिलेगी।

### जिले के सभी 18 ब्लॉकों में कानूनी सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

# जरूरतंदो को लाभ पहुंचाने की कड़ी है शिविर : जज



रांचीः झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति सह कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजित नारायण प्रसाद के निर्देश तथा न्यायायुक्त सह अध्यक्ष डालसा, रांची के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की ओर से कानूनी सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन रांची जिला के सभी 18 ब्लॉकों में संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न विभागों जैसे श्रम विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कौशल विकास विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, मनरेगा एवं अन्य सरकारी विभागों की लाभकारी योजनाओं की सहायता परिसंपत्ति के रूप में लाभुकों में वितरित की गई तथा सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

**लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण:** ज्ञात हो कि अनगड़ा, बेड़ो, बुण्डू, बुड़मू, ईटकी, कांके, खेलारी, मांडर, नगड़ी, नामकूम, ओरमांझी, राहे, रातू, सोनाहातू एवं तमाड़ ब्लॉक में कानूनी सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया और लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

ओरमांझी ब्लॉक में जिला स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मिथलेश कुमार, अपर न्यायायुक्त 6 सह विशेष न्यायाधीश (एफटीसी) थे। उन्होंने झारखंड पीड़ित प्रतिकर स्कीम के संबंध में विस्तृत जानकारी दिये एवं पीड़ित पुनर्वास के लिये विधिक सेवा प्राधिकार, रांची का कार्य के विषय में बताया।

**डालसा सचिव ने दी सुविधाओं की जानकारी:** डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलनेवाली सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय-समय पर शिविर लगाकर जरूरतमंद लाभूकों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाता है। मांडर ब्लॉक में न्यायिक दंडाधिकारी, नुमान खान ने जागरूकता कैंप का जायजा लिया एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया। डालसा सचिव ने कहा कि डालसा, रांची के द्वारा लाभुकों का चयन कर परिसंपत्तियों का वितरण जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। सशक्तिकरण शिविर में झालसा की योजना जैसे मानवता, कत्तर्व्य, श्रमेव वन्दते, तृप्ति, चेतना, निरोगी भवः, आत्मनिर्भरता एवं शक्ति आदि योजनाओं पर लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## मयार्दा के खिलाफ

**पिछले** महीने की 15 तारीख से शुरू हुआ संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त होते-होते ऐसे विवाद, मुद्दे और टकराव के बिंदु छोड़ गया, जिसकी छाप आगे भी संसदीय कार्यवाही पर दिखते रहने के आसार हैं। सच है कि इस सत्र के दौरान दोनों सदनों में गंभीर बहस के कुछ अच्छे पल भी आए, लेकिन ज्यादातर समय सत्ता पक्ष और विपक्ष का टकराव ही हावी रहा। संविधान पर दोनों सदनों में चली लंबी बहस तीखी जरूर रही, लेकिन यह ज्यादातर शांतिपूर्ण रही और इसमें आरोप-प्रत्यारोप के साथ ही कई गंभीर मुद्दे भी उठे। जहां नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश के संविधान में निहित भारतीय परंपरा के शाश्वत तत्वों और आजादी की लड़ाई से मिली सीखों को रेखांकित किया, वहीं सत्ता पक्ष ने इमर्जेंसी काल की याद दिलाते हुए बताया कि संवैधानिक मूल्यों के उल्लंघन को देश ने कभी स्वीकार नहीं किया। इस बहस में दोनों पक्षों ने संवैधानिक पवित्रता के प्रति निष्ठा की वकालत की। संसद के इस सत्र के नाम एक यह रेकॉर्ड भी आया कि इतिहास में पहली बार राज्यसभा के सभापति के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया गया। हालांकि यह प्रस्ताव उपसभापति ने तकनीकी और प्रक्रियागत वजहों से खारिज कर दिया, लेकिन इससे सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच की बढ़ती हुई दूरी जरूर रेखांकित हुई। यह प्रकरण भी इस बात के एक उदाहरण के ही रूप में दर्ज हुआ कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के नजरिए में जो अंतर है, उसे पाटने की कोई खास कोशिश किसी तरफ से नहीं हो रही। विपक्ष के विरोधी रुख से अच्छी तरह वाकिफ होते हुए भी सरकार यह बिल लेकर आई, हालांकि इसे पास कराने के लिए जरूरी दो तिहाई बहुमत फिलहाल उसके पास नहीं है। जाहिर है, इसे संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजकर भी सरकार ने देशवासियों को यह संदेश देना जरूरी समझा कि इस मुद्दे पर वह कोई समझौता नहीं करने वाली। इस पूरे सत्र के दौरान दोनों सदनों में अदाणी और जॉर्ज सोरोस के सहारे सत्तापक्ष और विपक्ष एक-दूसरे पर हमले करने और संसद का कामकाज ठप करने को लेकर जैसे एक-दूसरे से होड़ करते रहे। फिर भी, आखिर के दो दिन संसद भवन में जिस तरह के दृश्य दिखे, उनकी शायद ही किसी ने कल्पना की होगी। बाबा साहेब आंबेडकर को लेकर की गई गृहमंत्री की एक टिप्पणी पर विपक्ष ने तो संसद के अंदर और बाहर तूफान खड़ा करने में कोई कसर नहीं ही छोड़ी, सत्तापक्ष ने भी इसका जवाब देने में नए कीर्तिमान स्थापित किए। नतीजे धक्का-मुक्की, कछव में भर्ती और एफआईआर के रूप में सामने आए, जो संसदीय लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

## सहयोग संग सावधानी

भारत और चीन के बीच हुई विशेष प्रतिनिधियों की बातचीत में बनी सहमति इस बात का ठोस संकेत है कि दोनों देशों के रिश्तों में पिछले चार साल से आया ठहराव धीरे-धीरे दूर हो रहा है। हालांकि यह प्रक्रिया अभी शुरूआती चरण में है और इससे जुड़े कई किंतु-परंतु कायम हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर बैठक के दौरान हुई मुलाकात के बाद से मतभेद दूर करने की प्रक्रिया में जो तेजी आई, उसका असर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर बने माहौल पर भी दिखा। पांच साल के अंतराल पर हुई विशेष प्रतिनिधियों की बैठक में सहमतियों पर अमल की तो पुष्टि हुई ही, यह संकेत भी मिला कि अब दोनों पक्ष इससे आगे बढ़ने को तैयार हैं। बॉर्डर ट्रेड, ट्रांस बॉर्डर नदियों पर डेटा शेयरिंग और मानसरोवर यात्रा की संभावनाएं वाकई उत्साह बढ़ाने वाली हैं। जैसे-जैसे सीमा संबंधी मसलों पर सहमति बन रही है और वहां माहौल सामान्य होने की तरफ बढ़ रहा है, दोनों देशों के रुख में सहयोग पर जोर भी बढ़ता जा रहा है। ध्यान रहे, चीन का काफी समय से आग्रह रहा है कि LAC से जुड़े मसलों को एक तरफ करके सहयोग बढ़ाया जाए, लेकिन भारत अपने इस रुख पर अडिग रहा कि जब तक LAC पर हालात सामान्य नहीं होते, रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। ऐसे में यह गौर करने वाली बात है कि अब भारत की तरफ से भी सहयोग का दायरा बढ़ाने की संभावना पर पॉजिटिव रुख दशार्या जा रहा है। इस बात को भी कुछ हलकों में रेखांकित किया गया है कि संबंधों में सुधार और बातचीत में प्रगति को व्यक्त करने के दोनों पक्षों के तरीकों में पूरी तरह समानता नहीं है। मिसाल के तौर पर, बातचीत के बाद दोनों तरफ से जो अलग-अलग बयान जारी किए गए, उनमें अंतर है। जहां चीन के बयान में स्पष्ट शब्दों में सर्वसम्मति के छह बिंदु गिनाए गए हैं, वहीं भारत के बयान में इन्हें सर्वसम्मति करार देने से बचा गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय की ओर से बुधवार को ही जारी पेंटागन की सालाना रिपोर्ट की यह बात भी गौर करने लायक है कि चीन ने न तो गलवान घाटी में जून 2020 को हुई सैन्य झड़प के बाद इस क्षेत्र में बढ़ाई गई सैन्य तैनाती में कोई कमी की है और न ही टैंकों, मिसाइलों व अन्य भारी हथियारों की संख्या में कोई कटौती की है। हालांकि अभी उस इलाके से सैन्य वापसी की प्रक्रिया शुरू होनी बाकी है, लेकिन फिर भी चीन के पिछले रेकॉर्ड को देखते हुए सतर्क रहने की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता।

# कोई बताए कि 'एक देश एक चुनाव' में क्या कमी है

एक देश, एक चुनाव भाजपा और नरेन्द्र मोदी का पुराना एजेंडा है। प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही मोदी जी इसकी वकालत करते रहे हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में 2 सितंबर 2023 को कोविंद कमिटी बना कर उन्होंने पहला कदम बढ़ाया था। निश्चित रूप से बार-बार चुनाव होने से सरकारें नई नीतियों और योजनाओं को लागू करने में झिझकती हैं। एक साथ चुनाव होने से सरकारों को स्थिरता मिलती है और वे बेहतर ढंग से काम कर पाती हैं। साथ ही बार-बार चुनाव होने से राजनीतिक दल विकास के मुद्दों से भटक जाते हैं और चुनाव जीतने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक दलों को विकास पर ध्यान केंद्रित करने का अधिक अवसर मिलता है।

**आर.के. सिन्हा**

एक देश एक चुनाव' के सपने को साकार करने की तरफ देश बढ़ रहा है। लगातार चुनाव देश की प्रगति में बाधा बन रहे हैं। भारत में 'एक देश-एक चुनाव' का विचार ऐसा विषय है जिस पर अलग-अलग लोगों की बंटी हुई राय है। कुछ लोगों का मानना है कि इससे देश को कई फायदे होंगे, वहीं कुछ लोग इसके कुछ नुकसान भी बताते हैं। पर ये सच है कि बार-बार चुनाव कराने में काफी पैसा खर्च होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस खर्च को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। चुनावों में सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों की भारी संख्या में तैनाती करनी पड़ती है। जाहिर है, बार-बार चुनाव होने से कामकाज में बाधा तो आती ही है, संसाधनों का भारी दुरुपयोग भी होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के बाद सरकार एक देश-एक चुनाव की तरफ तेजी से बढ़ रही है। इससे लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय और पंचायत चुनाव सभी एक साथ होंगे। यह सब 100 दिनों के अंदर संपन्न होगा। सरकार का मानना है कि इससे देश की जीडीपी में 1-1.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। केंद्र सरकार इस मुद्दे पर आम सहमति बनाना चाहती है। यह मामला किसी एक दल का नहीं बल्कि पूरे देश के हित में है। यह सबको पता है कि देश में बार-बार चुनाव होने से जनता और सरकारी अधिकारियों का समय और संसाधन बर्बाद होता है। एक साथ चुनाव कराने से यह सब नहीं होगा। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता में सुधार आएगा क्योंकि सरकार को बार-बार चुनावों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही एक साथ चुनाव होने से प्रशासन पर दबाव कम होगा और वे अपने काम पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। तो आप कह सकते हैं कि 'एक देश, एक चुनाव' से कई मसलों का हल हो जाएगा। चुनावों की अवधि कम हो जाने से शासन और विकास कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा।

एक देश, एक चुनाव भाजपा और नरेन्द्र मोदी का पुराना एजेंडा है। प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही मोदी जी इसकी वकालत करते रहे हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में 2 सितंबर 2023 को कोविंद कमिटी बना कर उन्होंने पहला कदम बढ़ाया था। निश्चित रूप से बार-बार चुनाव होने से सरकारें नई नीतियों और योजनाओं को लागू करने में झिझकती हैं। एक साथ चुनाव होने से सरकारों को स्थिरता मिलती है और वे बेहतर ढंग से काम कर पाती हैं। साथ ही बार-बार चुनाव होने से राजनीतिक दल विकास के मुद्दों से भटक जाते हैं और चुनाव जीतने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक दलों को विकास पर ध्यान केंद्रित करने का अधिक अवसर मिलता है।

'एक देश-एक चुनाव' के खिलाफ विपक्षियों की तरफ से कुछ कमजोर तर्क दिए जा रहे हैं। जैसे कि राष्ट्रीय चुनाव के साथ राज्यों के चुनाव होने से क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई हो सकती है। कुछ लोगों का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से लोकतंत्र कमजोर हो सकता है क्योंकि इससे राष्ट्रीय स्तर पर एक ही राजनीतिक दल का दबदबा हो सकता है। यह सब तर्क कमजोर हैं। दुनिया के कई देशों में अलग-अलग चुनाव व्यवस्थाएं हैं। कुछ देशों में एक साथ चुनाव होते हैं, जबकि कुछ देशों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं। स्वीडन, बेल्जियम और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव एक साथ कराए जाते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं।

बहरहाल, एक देश-एक चुनाव से देश के जनमानस में राष्ट्र की अवधारणा सशक्त होगी। भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आजादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आजादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे। यह सिलसिला पहली बार उस समय टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया, इसके अलावा साल 1972 में होनेवाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। साल 1967 के चुनाव में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं और विधानसभा समय से पहले भंग हो गई थी।

यह भी माना जा रहा है कि एक साथ चुनाव होने से मतदाता भागीदारी में वृद्धि हो सकती है क्योंकि लोगों को बार-बार मतदान करने की आवश्यकता नहीं होगी। कुल मिलाकर बात यह है कि 'एक देश एक चुनाव' को दलगत आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए। इस पर हर स्तर पर खुल कर और ईमानदारी से चर्चा होनी चाहिए। उसके बाद ही किसी अंतिम निर्णय पर पहुंचा जाना चाहिए। अगर इसे भाजपा या मोदी जी के किसी एजेंडे के रूप में देखा गया तो यह सही नहीं होगा। अभी तक जो विपक्षी नेता 'एक देश एक चुनाव' के विचार का विरोध कर रहे हैं, उन्हें अपने दिल पर हाथ रखकर पूछना चाहिए कि क्या उन्हें बार-बार चुनावी रणभूमि में उतरना पसंद है?

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# बैन ड्रग्स के लिए युवाओं में बढ़ती तलब

भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रचलन और पैटर्न पर सीमित शोध है, जो साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और कार्यक्रम विकास में बाधा डालता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग की छिपी और कलंकित प्रकृति के कारण सटीक डेटा एकत्र करने में भी चुनौतियाँ हैं।

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

हाल ही में एक जांच से पता चला है कि नशीली दवाओं की लत की महामारी, जो ज्यादातर युवा पुरुषों को प्रभावित कर रही है, पूरे भारत में फैल रही है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग भारत में महत्त्वपूर्ण सामाजिक और स्वास्थ्य मुद्दा है। भारत की विविध आबादी, बड़ी युवा जनसांख्यिकी और आर्थिक असमानताएँ देश में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की जटिल प्रकृति में योगदान करती हैं। सांस्कृतिक मूल्यों को बदलना, आर्थिक तनाव में वृद्धि और सहायक सम्बंधों में कमी से पदार्थ का उपयोग शुरू हो रहा है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 10 से 75 वर्ष की आयु के 16 करोड़ लोग (14.6%) शराब के वर्तमान उपयोगकर्ता हैं और उनमें से 5.2% शराब पर निर्भर हैं। लगभग 3.1 करोड़ व्यक्ति (2.8%) भांग उपयोगकर्ता हैं और 72 लाख (0.66%) लोग भांग की समस्या से पीड़ित हैं। 7% बच्चे और किशोर इनहेलेंट का इस्तेमाल करते हैं, जबकि वयस्कों में यह दर 0.58% है। लगभग 18 लाख बच्चों को इनहेलेंट के इस्तेमाल के लिए मदद की जरूरत है। अनुमान है कि लगभग 8.5 लाख लोग इंजेक्शन के जरिए ड्रग्स ले रहे हैं। भारत में ड्रग्स की सबसे चिंताजनक श्रेणी ओपिओइड है, भारत में ओपिओइड के इस्तेमाल का प्रचलन वैश्विक औसत (0.7% बनाम 2.1%) से तीन गुना ज्यादा है। सभी ड्रग श्रेणियों में, ओपिओइड समूह (विशेष रूप से हेरोइन) की ड्रग्स बीमारी, मृत्यु और विकलांगता की सबसे ज्यादा दरों से जुड़ी हैं।

ड्रग के दुरुपयोग से कई तरह की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें लीवर की बीमारी (शराब से), संक्रामक रोग (इंजेक्शन ड्रग के इस्तेमाल में सुइयों को साझा करने के कारण) और ओवरडोज से होने वाली मौतें शामिल हैं। साथ ही, मादक द्रव्यों के सेवन का मानसिक स्वास्थ्य विकारों जैसे अवसाद और चिंता से गहरा सम्बंध है। यह मौजूदा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकता है या नए लोगों के विकास को जन्म दे सकता है। ड्रग के दुरुपयोग से परिवार टूट सकते हैं, संघर्ष बढ़ सकते हैं और परिवारों के भीतर भावनात्मक आघात हो सकता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग से प्रभावित परिवारों में बच्चों को उपेक्षा, दुर्व्यवहार और शिक्षा में बाधा का सामना करना पड़ सकता है, जिससे उनकी समग्र भलाई प्रभावित होती है। नशीली दवाओं की लत से जूझ रहे व्यक्तियों को अक्सर सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है, जो उनके ठीक होने और समाज में फिर से शामिल होने में बाधा बन सकता है। परिवार के किसी सदस्य की लत को सहने की लागत और उससे जुड़े चिकित्सा व्यय के कारण परिवारों को अक्सर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अधिकांश नशीली दवाओं के उपयोगकर्ता 18-35 वर्ष की उत्पादक आयु वर्ग में होते हैं, नशीली दवाओं की लत के कारण कार्यस्थल पर अनुपस्थिति और उत्पादकता में कमी आ सकती है। हिंसा और अपराध में वृद्धि नशीली दवाओं के दुरुपयोग का प्रत्यक्ष प्रभाव है। नशे के आदी लोग अपनी दवाओं के भुगतान के लिए अपराध का सहारा लेते हैं। नशीली दवाएँ संकोच को दूर करती हैं और निर्णय लेने की क्षमता को कम करती हैं, जिससे व्यक्ति अपराध करने के लिए प्रेरित होता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के साथ छेड़छाड़, समूह संघर्ष, हमला और आवेगपूर्ण हत्याओं की घटनाएँ बढ़ जाती हैं। आम आबादी, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के जोखिमों और इसके परिणामों के बारे में सीमित जागरूकता है। इसके अलावा, स्कूलों और समुदायों में लोगों, विशेष रूप से युवा व्यक्तियों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में सूचित करने के लिए शैक्षिक कार्यक्रम अपर्याप्त हैं। मादक द्रव्यों के सेवन के विकार वाले व्यक्तियों को कलंकित करने से वे सहायता और समर्थन प्राप्त करने से हतोत्साहित हो सकते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं और समाज में बड़े पैमाने पर भेदभाव उपचार और पुनर्वास सेवाओं तक पहुँच में बाधा उत्पन्न कर सकता है। नशीली दवाओं की लत के उपचार सुविधाओं और योग्य स्वास्थ्य पेशेवरों की भारी कमी है। भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रचलन और पैटर्न पर सीमित शोध है, जो साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और कार्यक्रम विकास में बाधा डालता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग की छिपी और कलंकित प्रकृति के कारण सटीक डेटा एकत्र करने में भी चुनौतियाँ हैं। प्रमुख अफीम उत्पादक क्षेत्रों के करीब भारत की भौगोलिक स्थिति इन दवाओं की आसान उपलब्धता की ओर ले जाती है। इसके अलावा, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार, अवैध नशीली दवाओं के व्यापार के लिए 'डार्क नेट' और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग करने का चलन बढ़ रहा है। भारत में नए साइकोएक्टिव पदार्थों की खपत बढ़ रही है और ये पदार्थ अक्सर मौजूदा दवा नियंत्रण नियमों के दायरे से बाहर हो जाते हैं, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए उन्हें प्रभावी ढंग से मॉनिटर और विनियमित करना चुनौती बन जाता है। व्यापक विधायी नीति तीन केंद्रीय अधिनियमों में निहित है, अर्थात औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940, स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 और स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1988 में अवैध तस्करी की रोकथाम। यह भारत में नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन के लिए नोडल एजेंसी है। इसकी स्थापना 1986 में देश भर में नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन प्रयासों के समन्वय के लिए की गई थी। नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन में हितधारकों की बहुलता ने वास्तविक समय के आधार पर विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को आवश्यक बना दिया है। गृह मंत्रालय ने जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक देश भर के हितधारकों के बीच समन्वय बढ़ाने और नशीली दवाओं के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए चार-स्तरीय समन्वय तंत्र का गठन किया है। शीर्ष एनसीओआरडी, कार्यकारी एनसीओआरडी, राज्य एनसीओआरडी और ज़िला कॉर्ड तंत्र के चार स्तंभ हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई) नशे की लत के लिए एकीकृत पुनर्वास केंद्रों (आईआरसीए) के रखरखाव के लिए गैर सरकारी संगठनों और स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ये केंद्र मादक द्रव्यों के सेवन के विकारों वाले व्यक्तियों को व्यापक पुनर्वास सेवाएँ प्रदान करते हैं। एमओएसजेई ने 2018-2025 के लिए एनएपीडीडीआर शुरू किया। योजना का उद्देश्य बहुआयामी रणनीति के माध्यम से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रतिकूल परिणामों को कम करना है। सरकार को सीमा शुल्क, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और राज्य पुलिस बलों सहित नशीली दवाओं के नियंत्रण में शामिल कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मजबूत करने के लिए उपाय करने चाहिए। इसमें उन्हें बेहतर प्रशिक्षण, तकनीक और संसाधन प्रदान करना शामिल हो सकता है। गरीबी, बेरोजगारी और शिक्षा की कमी जैसे सामाजिक-आर्थिक कारक नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी में योगदान कर सकते हैं। इसलिए, सरकार गरीबी कम करने के उपायों, रोजगार सर्जन योजनाओं और शिक्षा तक पहुँच बढ़ाकर इन मुद्दों को सम्बोधित कर सकती है। नशीली दवाओं की मांग को कम करने के लिए समुदाय-आधारित रोकथाम कार्यक्रम, शिक्षा और जागरूकता अभियान चलाए जा सकते हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# कर्म करने के बाद ही भाग्य का सही परिणाम मिलता है

**अध्यात्म**



प्राचीन नीति शास्त्र और ग्रंथों में भाग्य का महत्व स्वीकार किया गया है, लेकिन यह भी बताया गया है कि भाग्य के साथ-साथ कर्म यानि प्रयास और पुरुषार्थ का भी बड़ा महत्व है। पंचतंत्र की एक कथा का सार भाग्य और पुरुषार्थ के रहस्य को बताता है, कथा अनुसार एक अज्ञानी व्यक्ति सोचता है कि वह बिना मेहनत किए राजा के समान जी सकता है, लेकिन उसे यह बाद में पता चलता है कि बिना कर्म के सिर्फ भाग्य पर भरोसा करने से कुछ नहीं होता। इसलिए नीति शास्त्रों में कहा गया है कि मनुष्य का भविष्य उसके हाथ में ही होता है और यदि वह सही दिशा में प्रयास करें तो वह अपने भाग्य को बदल सकता है। भाग्य और पुरुषार्थ के संतुलन को महत्वपूर्ण माना गया है। भाग्य व्यक्ति के जीवन का एक हिस्सा है लेकिन सही समय पर सही कर्म और बुद्धिमानी से निर्णय लेना भी आवश्यक है। मनुस्मृति के अनुसार अगर व्यक्ति निष्क्रिय होकर सिर्फ भाग्य का इंतजार करता है, तो वह असफल हो सकता है। कर्म करने के बाद ही भाग्य का सही परिणाम मिलता है। भाग्य से प्राप्त होने वाली परिस्थितियां हमारे वश में नहीं होती, लेकिन उन पर प्रतिक्रिया कैसे देनी है, यह हमारे हाथ में होता है। अर्जुन का उदाहरण इस बात को स्पष्ट करता है, कि भाग्य महत्वपूर्ण है, लेकिन बिना पुरुषार्थ के सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती। महाभारत के अनुसार पुरुषार्थी, भाग्य के अनुसार प्रतिष्ठा पाता है, पर अकर्मण्य असह्य दुःख भोगता है। भाग्य परिस्थितियों को निर्धारित कर सकता है, लेकिन व्यक्ति के कर्म ही उसके परिणाम को प्रभावित करते हैं। भाग्य और कर्म दोनों साथ-साथ चलते हैं, लेकिन कर्म करने वाला ही भाग्य के साथ सफल होता है। पंचतंत्र के अनुसार मनुष्य को जिस वस्तु की प्राप्ति होनी है, वह अवश्य होगी, उसमें भाग्य भी बाधा नहीं डाल सकता। जो हमारा है, वह किसी अन्य का नहीं हो सकता। कर्म और भाग्य रहस्य को समझना अत्यन्त कठिन है, इसलिए बस ज्योतिष शास्त्र के माध्यम से सही दिशा जानकर कर्म करते रहें, परिणाम खुद चलकर आपके पास आएगा।

## हेल्थ

### सर्दियों में ड्राई स्किन होगी दूर

अक्सर सर्दी के मौसम में ड्राई स्किन परेशान करती रहती है। इस मौसम में ड्राई स्किन से निपटना काफी मुश्किल होता है। ठंड में हवा में नमी काफी कम होती है, जिससे स्किन ड्राई होने लगती है। सूखी त्वचा की समस्या से निपटने के लिए टोनर का प्रयोग करना उचित हैं लेकिन इसे सही तरीके से इस्तेमाल करना भी काफी जरुरी है। यदि आपकी स्किन ड्राई हो जाती है, तो हाइड्रेटिंग फेस टोनर आपके लिए बेस्ट है। आइए आपको बताते हैं कि इसका सही यूज कैसे करे। जब भी आप अपने त्वचा की देखभाल करना चाहते हैं, तो सबसे पहले अपने चेहरे पर जमा प्रदूषक, गंदगी, मैल आदि को हटाने के लिए अच्छे मॉइस्चाराइजिंग क्लींजर का यूज करें। इसकी मदद से आप चेहरे और गर्दन को साफ कर सकते हैं। जब त्वचा नम होती है तो टोनर आपकी स्किन में अच्छी तरह से अवशोषित हो जाते हैं। चेहरे को क्लींजर से धोने के बाद थोड़ा नम छोड़ते हुए माइक्रोफाइबर तौलिए से धीरे से थपथपाएं जरुर। इसके बाद आप स्किन को हाइड्रेटिंग रखने के लिए अच्छे क्वालिटी वाले टोनर को ले। मॉइस्चराइजिंग टोनर स्किन के पीएच लेवल को सुंतलित करने में मदद करता है। इसके साथ ही पहले रुखी त्वचा, ड्राई त्वचा में हाइड्रेशन को भी बढ़ावा देते हैं। टोनर को लगाने लिए एक कॉटन पैड पर कुछ बूंद टोनर की डालें और धीरे से ऊपर की ओर स्वाइप करें। चेहरे की नमी बनाए रखने के लिए फेस सीरम का प्रयोग करें। हथेली पर सिरम की बूंदें डालें और फिर फेस सीरम लगाएं। ये स्किन की चमक बनाए रखने में मदद करेगा।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर संपन्न

**दुमका :** लायंस क्लब दुमका के तत्वावधान में रविवार को एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र, दंत चिकित्सा एवं अन्य चिकित्सा शिविर का आयोजन भारती अस्पताल में किया गया। शिविर में कुल 97 रोगियों का नामांकन हुआ। जिसमे पुरुष रोगी 49, महिला रोगी 33 और 15 बच्चों का जांच स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रानी सोरेन, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.रामकृष्ण झा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. देवव्रत दत्ता, जेनरल फिजिशियन एवं क्रिटिकल केयर डॉ. अल्तमश खान, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.रुचि मित्रा, फिजिशियन डॉ. सरीफुल हक द्वारा जरूरतमंद रोगियों का इलाज एवं जांच आधुनिक मशीन से 15 सदस्यीय टीम के द्वारा किया गया। सभी रोगियों का ब्लड प्रेशर, मधुमेह जांच एवं दंत रोगियों का एक्सरे किया गया। जांचोपरांत पुअर ओरल हाइजीन के 23, दन्त छय के 6, पायरिया के 7 मरीज, एवं एक मरीज में शिष्ट के लक्षण पाए गए, 5 रोगियों के दांत निकालने की जरूरत महसूस हुई उनके दांत निकाल कर उन सभी रोगियों का इलाज किया गया। सभी नेत्र रोगियो का आंखों का स्क्रीनिंग किया गया जाँच में 9 रोगी मोतियाबिंद से ग्रस्त पाए गए जिन्हें ऑपरेशन हेतु रेफर किया गया। कुछ रोगियों को देखने में असुविधा हो रही थी जिन्हें पावर चश्मा की जरूरत महसूस हुई उन्हें क्लब द्वारा चश्मा दिया जाएगा। सभी जरूरतमंद रोगियों को निःशुल्क दवा दिया गया। 7 मरीजों मैं उच्च रक्तचाप पाए जाने पर फिजिशन चिकित्सक ने इलाज किया जांच में 8 रोगियों में मधुमेह ज्यादा मात्रा में पाया गया। जिन्हें दवा एवं उचित सलाह दिया गया। मौके पर उपस्थित क्लब की अध्यक्षा लायन डॉ.अमिता रक्षित ने कहा कि आम लोग रोजमर्रा की जिंदगी से इतने व्यस्त रहते हैं कि अपने दांतो का सही ख्याल नहीं रख पाते हैं। जिसके वजह से पुअर ओरल हाइजीन और डेंटल कैरीज की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है. लोगों को सुबह और रात में सोने से पहले अच्छी तरह से ब्रश करना चाहिए ताकि इस तरह की बीमारी से बचा जा सकता है। क्लब के जन-संपर्क पदाधिकारी लायन रमण कुमार वर्मा ने बताया शिविर में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की रोगियों का इलाज किया गया. शिविर में दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों के रोगी भी शामिल थे। जरूरतमंदों को स्वास्थ्य लाभ मिले क्लब द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। क्लब द्वारा प्रत्येक महीने निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं दंत चिकित्सा शिविर नियमित रूप से लगाया जा रहा हैं। ताकि जरूरतमंद को स्वास्थ्य लाभ दिया जा सके। मौके पर क्लब की अध्यक्षा लायन डॉ.अमिता रक्षित, लायन रमण कुमार वर्मा, लायन डॉ. मनोज कुमार घोष, पी.एम. जे.एफ लायन डॉ. अखिलेश कुमार सिन्हा,लायन डॉ. शमीम अंसारी, लायन सतीश कुमार, लायन डॉ.सुनील जयसवाल, लायन अशोक कुमार, लायन डॉ.अमूल्य कुमार पाल के अलावे रोगी एवं उनके अभिभावक मौजूद थे।

### भाजपाइयों ने चलाया सदस्यता अभियान

**जामा :** भाजपा चुटोबेदिया मंडल के मंडल अध्यक्ष दुर्योधन राय के अध्यक्षता में ढोढली पंचायत में भारतीय जनता पार्टी ने सदस्यता अभियान चलाया। सदस्य अभियान के दौरान अभियान के मंडल संयोजक मनोज हांसदा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान आज से शुरू हो रहा है। इस सदस्यता अभियान के तहत अनेक कार्यकताओं को जोड़ने को काम भारतीय जनता पार्टी करेगी। भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा इस सदस्यता अभियान के दौरान चुटोबेदिया मंडल में 10000 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। पार्टी ने अधिक से अधिक युवाओं और महिलाओं को सदस्य बनाने का विचार किया है। बैठक दौरान किनू गृही, देवेन्द्र मरीक, हराधन मरीक,विसा हांसद, विनोद गृही, प्रमोद गृही, पिंटु, विभीषण गृही, चांदनी देवी, फूलमनी देवी, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शारदे चिडेन्स एकेडमी बरहेट के प्रांगण में अभिकर्ता संघ की बैठक

**साहिबगंज:** प्रदेश झारखंड राज्य अल्प बचत अभिकर्ता संघ के आदेशानुसार जिला अध्यक्ष चन्दन रामानी कि अध्यक्षता में रविवार को शारदे चिडेन्स एकेडमी बरहेट के प्रांगण में अभिकर्ता संघ की बैठक आहुत की गयी है।जिसमें अभिकर्ता के विनियोग में हो रही समस्या पर चर्चा होगी व प्रदेश संगठन की ओर से निर्देशित निर्देश को संघ के प्रस्ताव पट्ल पर रखना इत्यादि मुख्य रूप से है।इस बैठक में जिला कमिटी साहिबगंज के जिला अध्यक्ष चंदन कुमार रमानी,जिला सचिव नंद किशोर दास,कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार कुशवाहा, कार्यकारिणी सदस्य उत्तम कुमार चांद,मुकेश कुमार गुप्ता,बृज मोहन केशरी,राकेश तिवारी,ओम प्रकाश सिन्हा, बरहेट तीनपहाड़ पतना बोरियो के डाकघर अभिकर्ता शामिल हुए।

### बहू ने सास को दांत से काटा, घायल

**साहिबगंज :** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी कोदरजन्ना निवासी मोहम्मद इरशाद की पत्नी शकीला बीबी को उसी के बहु ने दांत काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया ।वही इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया।जहां डॉक्टर कुलदीप कुमार ने प्राथमिक इलाज कर घर भेज दिया। वही शकीला बीबी ने बताया कि घर में बहु और बेटा में झगड़ा हो रहा था। हम समझने गए तो बहु ने दांत काट कर घायल कर दिया।

### अजय तांती ने पटाखा जला कर गोपाल के शरीर में फेंक दिया-बच्चा घायल

**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के केलाबाडी पोखरिया निवासी सुनील पासवान के 8 वर्षीय पुत्र गोपाल कुमार को बगल के रहने वाले अजय तांती ने पटाखा से हाथ जला दिया वही परिजनों ने इलाज कराने सदर अस्पताल लाया जहां डॉक्टर मोहन मुर्मू इलाज में जुट गए वही घायल गोपाल की दादी बिछिया देवी ने बताया कि गोपाल घर के बाहर खेल रहा था वही बगल के अजय तांती ने पटाखा जला कर गोपाल के शरीर में फेंक दिया जिससे गोपाल का दायां हाथ का हथेली झुलस गया वही जब अजय तांती के बोलने गए तो मेरे साथ भी अजय तांती,कैला तांती, फोगो तांती ने मारपीट करना शुरू कर वही इसकी सूचना देने जिरवाबाड़ी थाना जहां थाना पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वही जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी ने बताया कि आवेदन मिलने पर मामले की जांच की जाए गई।

### अज्ञात बुजुर्ग महिला का इलाज

साहिबगंज : सदर अस्पताल में अज्ञात बुजुर्ग महिला का इलाज डॉ कुलदीप कुमार गुप्ता के द्वारा किया जा रहा है।वही ऐसा प्रतीत होता है कि महिला के साथ किसी ने मारपीट किया है। गिर गई है बुजुर्ग महिला नाक में गंभीर चोट है। जिससे खून बह रहा है पूरा चेहरा खून से लतपथ है।अपना नाम भी नहीं बता पा रही है बताया जा रहा हैं। की बुजुर्ग महिला को रात्रि मे लगभग 11 से 12 बजे की बीच किसी व्यक्ति के द्वारा छोड़ कर चला गया है। वही दोपहर में राउंड के दौरान डॉ कुलदीप कुमार देखा तो इलाज में जुट गए

### घायल अवस्था में अज्ञात महिला अस्पताल में भर्ती

**साहिबगंज :** सदर अस्पताल में बीती रात्रि घायल अवस्था में एक वृद्ध महिला को किसी अज्ञात व्यक्ति ने भर्ती करवाया।लेकिन उसे महिला के ऊपर किसी की ध्यान नहीं गई और ना ही किसी ने उसकी प्राथमिक उपचार किया। रविवार की सुबह इमरजेंसी ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर कुलदीप गुप्ता को जानकारी मिलते हैं बेड में जाकर देखा और प्राथमिक उपचार शुरू किया। डॉ कुलदीप गुप्ता ने बताया कि जिस तरह से वृद्धि के चेहरे पर जख्म है। देखने से या प्रतीत हो रहा है कि या तो किसी ने इसे मारा होग या किसी तरह के दुर्घटना में चोट लगी होगी। फिलहाल यह अज्ञात है और इसका इलाज स्वास्थ्य कर्मी की निगरानी में किया जा रहा है।

# चोरों का हौंसला बुलंद, एक ही रात मे दो स्थानों से चोरों ने उड़ाए लाखों के जेवरात

### गैस कटर के माध्यम से दुकान का शटर और तिजोरी काटकर और मकान मे भी चोरों ने की चोरी




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज:** जिले के मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र में बीते शनिवार की रात दो जगहों पर अज्ञात चोरों ने लाखों के जेवरात, चांदी के आभूषण, समेत नगदी रुपए लेकर चंपत हो गए। पुलिस प्रशासन को जानकारी मिलते ही मौके पर जांच को पहुंची, और पुलिसिया करवाई में जुट गई। बता दें कि इन दिनों चोरी की वारदात में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

गैस कटर से काटा शटर और तिजोरी

मिली जानकारी के अनुसार मिजाचौकी बाजार में स्थित शांति ज्वेलर्स की दुकान का शटर गैस कटर के माध्यम से काटकर दो अज्ञात चोरों ने छह किलों चांदी के आभूषण, 30 ग्राम के करीब सोने के जेवर समेत अन्य वस्तु को उड़ा ले गए। दुकान के मालिक मधुसूदन स्वर्णकार ने बताया कि बीते रात 8:00 बजे दुकान को बंद कर बगल में ही स्थित अपने दो मंजिले मकान में चले गए हैं। और उसी रात कुछ अज्ञात चोरों ने गैस कटर के माध्यम से दुकान का शटर काट कर दुकान में प्रवेश किया और फिर दुकान के भीतर रखे तिजोरी को काटकर उसमें रखें 8 से 10 लाख के चांदी और सोने के आभूषण और जेवरात की चोरी कर लिया। दुकान में चोरी होने की सूचना मिजाचौकी थाना पुलिस को दी गई। जिसके बाद थाना प्रभारी रुपेश कुमार अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिए। वही दुकानदार ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी सबसे पहले मेरी वृद्ध मां को लगी मेरी मां ने उक्त चोरों को चोरी करते हुए भी देखा मां ने चोरों को रोकने का कोशिश भी की, लेकिन चोर भागने में सफल रहे। वहीं मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार ने बताया कि पीड़ित दुकानदार ने थाना में आवेदन के माध्यम से बताया कि दुकान के तिजोरी से एक किलो चांदी के आभूषण और 25 ग्राम सोने के आभूषण की चोरी हुई है। मामला को दर्ज कर आगे की कारवाई की जारी है।

एक मकान में भी चोरों ने किया हाथ साफ

मिजाचौकी थाना क्षेत्र के बड़तल्ला पंचायत के बीआरसी भवन के समीप भी एक मकान में चोरी होने की घटना को आज्ञात चोरों ने अंजाम दिया है। मकान मालिक नागेंद्र रविदास ने बताया कि बीते रात को अज्ञात चोर किसी तरह घर में दाखिल हुए और करीब ढाई लाख रुपए के सोने और चांदी के आभूषण और 30 से 40 हजार नगदी रुपए चोरी कर फरार हो गए। सुबह उठ कर देखें तो घर का सामान बिखड़ा हुआ था। चोरी होने की शिकायत मिजाचौकी थाना पुलिस को कर दी गई है।

चोरी की वारदात से बढ़ रही पुलिस की परेशानी

लगातार हो रही चोरी की वारदात से पुलिस प्रशासन की परेशानी बढ़ गई है। आखिर कौन सा गिरोह सक्रिय हो गया है।की गैस कटर से शटर काटकर कर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा है। इस पर पुलिस प्रशासन को कोई ठोस कदम उठाना होगा। फिलहाल मिजाचौकी पुलिस घटना स्थल के आसपास के घरों और दुकानों में लगे सीसीटीवी को खंगालने में जुटी है।

## क्षेत्र के लोगों के लिए निशुल्क नेत्र शिविर का होगा आयोजन : सुमन कुमार

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा:** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बड़ी दुर्गा मंदिर प्रांगण में समाजसेवी सुमन कुमार के सौजन्य से रविवार को भागलपुर के मशहूर डॉक्टर सुशांत रमन के द्वारा निःशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ अरविन्द कुमार,समाज सेवी सुमन कुमार एवं राजकमल भगत ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।इस दौरान शिविर के माध्यम से दर्जनों नेत्र मरिजों ने अपना जांच करवाया। क्रम में मरिजों के बीच निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। शिविर के लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कुल 70 नेत्र मरिजों की जांच की गई।समाजसेवी सुमन कुमार ने कहा प्रत्येक रविवार को विभिन्न स्थानों पर यह निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन कर क्षेत्र के लोगो को एक छोटी सी मदद करने का प्रयास किया जाएगा।ताकि गरिब,असहाय लोगों को मदद मिल सकें।उन्होंने कहा शिक्षा एवं चिकित्सा के प्रति मेरा हमेशा यह प्रयास रहेगा कि मेरे क्षेत्र के बच्चे को अच्छी शिक्षा एवं लोगों को बेहतर इलाज मिले।कहा एक टीम वर्क के माध्यम से मेरा प्रयास



हमेशा जनहित में रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित गुप्ता,आनंद भगत,कमल सिंह,चंदन गुप्ता,पुष्कर, राहुल, अनुभव, कृष्णा भगत, मनोहर लाल चौहान,जहरुल, रंजीत रमानी सहित अन्य का सराहनीय भूमिका रहा।किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ अरविन्द कुमार,समाज सेवी सुमन कुमार एवं राजकमल भगत ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।इस दौरान शिविर के माध्यम से दर्जनों नेत्र मरिजों ने अपना जांच करवाया। क्रम में मरिजों के बीच निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। शिविर के लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कुल 70 नेत्र मरिजों की जांच की गई।समाजसेवी सुमन कुमार ने कहा प्रत्येक रविवार को विभिन्न स्थानों पर यह निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन कर क्षेत्र के लोगो को एक छोटी सी मदद करने का प्रयास किया जाएगा।ताकि गरिब,असहाय लोगों को मदद मिल सकें।उन्होंने कहा शिक्षा एवं चिकित्सा के प्रति मेरा हमेशा यह प्रयास रहेगा कि मेरे क्षेत्र के बच्चे को अच्छी शिक्षा एवं लोगों को बेहतर इलाज मिले।कहा एक टीम वर्क के माध्यम से मेरा प्रयास हमेशा जनहित में रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित गुप्ता,आनंद भगत,कमल सिंह,चंदन गुप्ता,पुष्कर, राहुल,अनुभव,कृष्णा भगत, मनोहर लाल चौहान,जहरुल, रंजीत रमानी सहित अन्य का सराहनीय भूमिका रहा।

## दूसरे दिन भी साहित्यकारों ने अपने विभिन्न रसों से बांधा समां

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** साहित्य की दुनिया के राष्ट्रीय कवि सम्मेलन के दूसरे दिन भी साहित्यकारों ने अपनी कविता से लोगों में जोश और उमंग भर दिया।कार्यक्रम के दूसरे दिन का शुभारंभ भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आए रचनाकारों की बेहतरीन प्रस्तुति ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम में महाराष्ट्र से प्रीति शुक्ला रमा लड्ढा पल्लवी रानी उत्तर प्रदेश से आस्था कुमारी मोहनी राजभर बिहार से सृति झा रंजन लता सुनीता झा डॉक्टर सच्चिदानंद पाठक धनंजय कुमार सुमन अरुण अनजाना नंदकिशोर साहू डॉ पूर्णिमा सिंह झारखंड से मधुबाला शांडिल्य बिंदु श्रीवास्तव उत्तम लयकार रोहित अम्बष्ट के अलावा मुख्यमंत्री उत्कर्ष कन्या विद्यालय की छात्राएं जमुना दास चौधरी बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा पब्लिक उच्च विद्यालय के छात्र एवं राजस्थान मध्य विद्यालय के छात्र ने भी अपनी काव्य पाठ से लोगों को मध्य मुक्त कर दिया।कार्यक्रम के दूसरे दिन का संचालन कार्यक्रम संयोजक और मंच के महासचिव सुधीर श्रीवास्तव ने किया।एक और जहां रोहित की




रचनाओं ने लोगों को खूब हटाया तो वही साहिबगंज की छात्रा कोमल कुमारी की रचना ओज से भरी हुई थी।सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बजरंगी प्रसाद यादव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से शहर की भी गरिमा बढ़ती है और लोगों में साहित्य के प्रति प्रेम का संचार होता है. बजरंगी यादव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों में जहां तक होगा उनका भरपूर सहयोग प्राप्त होता रहेगा।मंच के अध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव ने तीसरी वर्षगांठ पर भाव कार्यक्रम के आयोजन को लेकर साहित्यकारों के साथ-साथ साहिबगंज शहर के तमाम लोगों का भी धन्यवाद और आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह पूरा कार्यक्रम साहिबगंज शहर के सहयोग पर ही निर्भर करता है।कार्यक्रम को सफल बनाने में एक-एक व्यक्ति का अपना महत्व होता है सभी व्यक्ति के सहयोग से ही कार्यक्रम सफल होता है।कार्यक्रम में अपनी बातें रखते हुए जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेमनाथ तिवारी ने कहा कि विगत 3 वर्षों से जो साहित्यिक माहौल बनाने का प्रयास साहित्य की दुनिया मंच लगातार कर रही है वह अपने आप में काबिले तारीफ है सच में इस तरह की बातें बालू में से तेल निकालने के बराबर ही है. कार्यक्रम के समापन के समय साहिबगंज शहर में रक्तदान के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले प्रशांत शेखर सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले ओमप्रकाश पंडित संगीत के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली प्रभा भादुड़ी व कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्याम विश्वकर्मा और अमित प्रकाश को भी विशेष प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया।

## बरहरवा प्रेस क्लब की बैठक में कई प्रस्तावों पर लिया निर्णय

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा:** प्रेस क्लब की बैठक रविवार को बरहरवा रेलवे स्टेशन परिसर में क्लब के अध्यक्ष दीपक आनंद की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में प्रेस क्लब के एक दर्जन से अधिक सदस्य शामिल भी हुए।इस दौरान अंग्रेजी नव वर्ष 2024 की समाप्ति और वर्ष 2025 के आगमन को लेकर मौजूद सदस्यों ने पुराने नववर्ष की विदाई और अंग्रेजी नववर्ष के अभिनंदन समारोह मनाने का प्रस्ताव रखा।इस दौरान मौके पर मौजूद सभी साथियों ने प्रस्ताव पर मुहर भी लगाई।तदुपरांत क्लब के अध्यक्ष दीपक आनंद ने विभिन्न पहलुओं पर बारीकी से विचार विमर्श करते हुए इस वर्ष बिंदु धाम की तलहटी में 5 जनवरी 2025 दिन रविवार को पुराने नववर्ष की विदाई एवं अंग्रेजी नव वर्ष अभिनंदन समारोह मनाने का निर्णय



लिया।मौके के प्रमुख के रूप से देवजीत कुशवाहा दीपक देशमुख,भक्ति पांडेय,बैदूल रहमान राहुल कुमार कुशवाहा,आनंद भगत,इस्माइल शेख,शम्भू कुमार,सन्नी भगत, मकसूद मल्लिक,छोटू कुमार,मो शाहिद,मो मुशर्रफ,सिराज शेख, मनोहर लाल चौहान,प्रिंस मिश्रा, शशिकांत सहित अन्य मौजूद रहे।

### भव्य कलश यात्रा कल

**साहिबगंज /मंडरो :** प्रखंड अंतर्गत मिजाचौकी दूर्गा मंदिर परिसर में 24कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर पुस्तक मेला का शुभारंभ शंभूनाथ जयसवाल ने कच्चा धागा खोलकर किया गया।वहीं साहिबगंज शक्तिपीठ के हरिहर प्रसाद श्याम नन्दन सिंह, राजकिशोर राय की उपस्थिति में पुस्तक मेला को शुरू किया गया,इस संबंध में जानकारी देते हुए शंभूनाथ जयसवाल एवं सुप्रिया वर्णवाल ने बताया कि 24दिसंबर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें 1125 कलश को माथे पर लेकर बालिकाएं व महिलाएं नगर भ्रमण करेंगी।जिसमें मिजाचौकी बाजार,महादेववरण रेलवे पश्चिमी फाटक, शाहाबाद, गांधीनगर,लोहड़पट्टी,वर्णवाल पट्टी, चौधरी पट्टी का भ्रमण कराया जाएगा।साथ शांति कुंजी हरिद्वार गायत्री शक्तिपीठ के टोली द्वारा विधिवत मंत्रों उच्चारण एवं आवाह्न कर कलश को भ्रमण कराकर यज्ञ स्थल पर कलश को स्थापित किया जाएगा। अपराह्न में गायत्री महायज्ञ प्रारंभ किया जाएगा इसमें भारी संख्या में श्रद्धालु व गायत्री परिवार भाग लेंगे।मोके पर गायत्री शक्तिपीठ साहिबगंज के हरिहर प्रसाद, श्याम नंदन सिंह, राजकिशोर राय। रंजित कुमार वर्णवाल, प्रमोद गुप्ता, प्रेमशंकर जयसवाल सहित दर्जनों गायत्री परिवार के सदस्य बढ़-चढ़ के गायत्री महायज्ञ में भाग ले रहे हैं।

### यहां उच्च विद्यालय के लिए एक एकड़ से भी अधिक जमीन है : कौसर



**साहिबगंज :** सदर प्रखंड के लालबथानी में झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष मो मोजम्मील हक ने विधायक के आदेश पर लालबथानी में उच्च विद्यालय के लिए जमीन को देखने आयें और अन्यों योजनाएं का भी जायजा लिया।वहीं युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम ने बताया कि यहां उच्च विद्यालय के लिए एक एकड़ से भी अधिक जमीन है। लेकिन जिला प्रशासन के लापरवाही के कारण आज तक स्थानांतरित नहीं हुआ।जबकि शिक्षा अधिकारी कई बार जांच करने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी को रिपोर्ट सौंप दिए फिर भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुआ।मौके पर जबीर हुसैन,मजारूल हक,एजाजुद्दीन, मो अली आदि उपस्थित रहे।

## जिले के सभी शक्ति केंद्र पर भाजपा सदस्यता अभियान चला रही है. गौरव कांत प्रसाद

दुमका : भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जिले के सहारा मंडल के बरमसिया शक्ति केंद्र में रविवार को संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के निमित्त भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ऑनलाइन दिलाई गई. मौके पर उपस्थित पार्टी के जिला अध्यक्ष गौरव कांत प्रसाद ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी दुमका जिला के सभी शक्तिकेंद्रों पर सदस्यता अभियान चला रही है. सदस्यता महापर्व पर भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने शक्ति केंद्र पर अपने-अपने बूथों पर अधिक से अधिक लोगों को



भारतीय जनता पार्टी के विचारधारा और सिद्धांतों से जोड़ने का काम कर रहे हैं.भारतीय जनता पार्टी का विस्तार और विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त है हमारे जो सिद्धांत हैं जिस सिद्धांत को लेकर आज केंद्र के श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार के द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है वह अंत्योदय का ही सिद्धांत है. भारतीय जनता पार्टी के इस सदस्यता महापर्व पर पर पार्टी के द्वारा 88 000 020 24 नंबर जारी किया गया है जिसमें कॉल करके और अपने विवरण को भरकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता को प्राप्त किया जा सकता है मौके पर बड़ी संख्या में आम लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता ग्रहण की. इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मुरलीधर मंडल,बैजनाथ भंडारी, शंकर मिस्त्री,विनोद शर्मा, करण कुमार शर्मा, रंजीत मिस्त्री, निताय भंडारी, विजय कुमार रजक आदि उपस्थित थे.

# अल्लू अर्जुन के आवास पर तोडफोड़ हिरासत में लिए गए छह लोग



साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के आवास पर उस्मानिया विश्वविद्यालय संयुक्त कार्रवाई समिति के सदस्य होने का दावा करने वाले व्यक्तियों के एक समूह ने तोडफोड़ की. इस मामले में छह लोग हिरासत में लिए गए हैं. एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें उस्मानिया विश्वविद्यालय के संयुक्त कार्य समिति के सदस्यों ने अर्जुन के हैदराबाद स्थित जुबली हिल्स स्थित आवास पर हमला किया है.

## अल्लू अर्जुन के घर पर हुई तोडफोड़

वीडियो में कार्यकताओं को उनके आवास पर पत्थरबाजी करते हुए देखा जा सकता है. रविवार को उस्मानिया यूनिवर्सिटी के छात्रों के एक समूह ने अर्जुन के घर के बाहर हंगामा किया और टमाटर फेंके. इस घटना में घर के अंदर रखे फूलों के गमले भी टूट गए. इसके तुरंत बाद पुलिस ने घटना के सिलसिले में छह व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें जुबली हिल्स पुलिस स्टेशन ले जाया गया.

# 'डकैत' में मृणाल ठाकुर की एंट्री श्रुति हासन को किया रिप्लेस




मृणाल ठाकुर इन दिनों अपनी नई फिल्म 'डकैत' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया, जिसमें मृणाल दमदार एक्शन अवतार में नजर आ रही हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म में उन्होंने श्रुति हासन को रिप्लेस किया है। फिल्म में मृणाल के साथ साउथ के सुपरस्टार अदिवि शेष लीड रोल में नजर आएंगे। पोस्टर में मृणाल का इंटेंस लुक दर्शकों का ध्यान खींच रहा है। वह हाथ में पिस्टल थामे कार में बैठी दिखाई दे रही हैं, जबकि अदिवि शेष के चेहरे पर चोट के निशान फिल्म की एक्शन-थ्रिलर थीम को जाहिर कर रहे हैं। पोस्टर से साफ है कि यह फिल्म एक्शन और रोमांच से भरपूर होगी। फिल्म का निर्देशन शनिल देव ने किया है और इसे सुप्रिया यारलागड्डा ने प्रोड्यूस किया है। मृणाल ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'हाँ छोड़ दिया.. पर सच्चे दिल से प्यार किया।' उनके इस कैप्शन ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। दर्शकों को मृणाल और अदिवि की नई जोड़ी बेहद पसंद आ रही है। फैंस फिल्म के एक्शन और रोमांच को लेकर उत्साहित हैं और इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म न केवल तेलुगू दर्शकों बल्कि हिंदी सिनेमा के प्रशंसकों के लिए भी खास होने वाली है।

# नाना पाटेकर के दमदार अभिनय और दिल छू लेने वाली फिल्म है वनवास




**'गदर 2'** की सफलता के बाद निर्देशक अनिल शर्मा ने एक बार फिर अपने बेटे उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर की जोड़ी को बड़े पर्दे पर पेश किया है। इस बार उन्होंने फिल्म वनवास में एक भावनात्मक कहानी को पिरोया है। फिल्म में हास्य, टकराव, और माफी के भावों को खूबसूरती से उकेरा गया है। कहानी के केंद्र में नाना पाटेकर का किरदार है, जो दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब होता है। वनवास एक ऐसी फिल्म है जिसे पूरे परिवार के साथ देखा जा सकता है और यह अपने साथ एक गहरा संदेश भी लेकर आती है।

**कहानी :** फिल्म की कहानी दीपक त्यागी (नाना पाटेकर) नाम के एक बुजुर्ग पर आधारित है, जो अपने तीन शादीशुदा बेटों के साथ रहता है। उनकी पत्नी का देहांत हो चुका है, और अब उन्हें भूलने की बीमारी है। दीपक अपने घर को ट्रस्ट में बदलने की योजना बनाता है, लेकिन उनके बेटों और बहुओं को यह बात नागवार गुजरती है। योजना बनाकर वे दीपक को बनारस छोड़ देते हैं। अपनी कमजोर याददाश्त के कारण दीपक अपनी पत्नी और छोटे बेटों को खोजने की कोशिश करता है।

इस सफर में उनकी मुलाकात एक ठग वीरू (उत्कर्ष शर्मा) से होती है, जो दीपक से पीछा छुड़ाना चाहता है, लेकिन ऐसा नहीं कर पाता। आखिरकार क्या दीपक अपने घर लौट पाते हैं? यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी होगी।

**अभिनय :** नाना पाटेकर ने अपने शानदार अभिनय से फिल्म में जान डाल दी है। उनकी उपस्थिति इतनी प्रभावशाली है कि अन्य कलाकारों का प्रदर्शन उनके सामने फीका लगने लगता है। उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर ने अपनी भूमिका के लिए मेहनत की है, लेकिन अभी उनके अभिनय में और सुधार की गुंजाइश है।

**संगीत :** 'गदर 2' में अपनी छाप छोड़ने के बाद मिथुन शर्मा ने इस फिल्म का संगीत दिया है। हालांकि, फिल्म के गाने उतने प्रभावशाली नहीं हैं और थोड़ी निराशा पैदा करते हैं। वनवास की कहानी भावनात्मक और संदेशपूर्ण है। हालांकि, डायलॉग डिलीवरी और संगीत पर और मेहनत की जा सकती थी। फिर भी, नाना पाटेकर के दमदार अभिनय के कारण यह फिल्म देखने लायक है।

**रेटिंग:** 3.5/5- वनवास एक ऐसी फिल्म है जो परिवार और रिश्तों के महत्व को दर्शाती है। यह एक अच्छा सिनेमाई अनुभव प्रदान करती है, खासकर नाना पाटेकर के प्रशंसकों के लिए।

# ब्राजील के फोंसेका ने जीता नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब



एजेंसी

**जेद्दाह।** ब्राजील के जोआओ फोंसेका ने रविवार को जेद्दाह में नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब जीत लिया है। 18 वर्षीय फोंसेका ने 20 वर्ष से कम आयु के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के लिए सीजन के अंतिम इवेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी में चैंपियनशिप मैच में अमेरिकी लर्नर टिएन को 2-4, 4-3 (8), 4-0, 4-2 से हराया, और इवेंट के इतिहास में दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बन गए। इस सप्ताह पांच मैचों में अपराजित रहते हुए, फोंसेका ने टूनामेंट में रिकॉर्ड 526,480 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार जीता। फोंसेका ने कहा, 'मैं शुरूआत में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर रहा था, मैं बहुत घबराया हुआ था। लेकिन दूसरे सेट के बाद, मुझे लगता है कि तीसरा सेट भी एक और जोआओ जैसा था। मैं शॉट्स के लिए बहुत अधिक आक्रामक था और वह थोड़ा और कड़ा हो गया। चौथे सेट में मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और जीत हासिल की।'


# श्रीलंका के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम घोषित, बेवॉन जैकब्स करेंगे पदार्पण

एजेंसी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड ने 28 दिसंबर से घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रही आगामी व्हाइट बॉल सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। टीम में ऑकलैंड एसेस के युवा आक्रामक खिलाड़ी बेवॉन जैकब्स को शामिल किया गया है।

हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी में मुंबई इंडियंस द्वारा खरीदे गए जैकब्स ने सोमवार (23 दिसंबर) को श्रीलंका के खिलाफ अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड एकादश के लिए 16 गेंदों पर 39 रन बनाए।

रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल और मैट हेनरी की तिकड़ी पिछले महीने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए श्रीलंका की यात्रा से चूकने के बाद टी20आई और वनडे दोनों के लिए वापस आ गई है।



यह सीरीज - जिसमें तीन टी20आई और तीन वनडे शामिल हैं - न्यूजीलैंड के पूर्णकालिक व्हाइट-बॉल कप्तान के रूप में मिशेल सेंटनर की पहली सीरीज होगी। जनवरी 2025 में होने वाली वनडे सीरीज चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम चुनने से पहले टीम की आखिरी सीरीज होगी।

जैकब्स ने पिछले साल न्यूजीलैंड के घरेलू टी20 टूनामेंट सुपर स्मैश में सबका ध्यान खींचा था, जहां उन्होंने कैंटरबरी किंग्स के लिए फिनिशर के रूप में 188.73 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए (6 पारियों में 134)।

न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा, 'बेवॉन और उनके परिवार के लिए यह निश्चित रूप से एक रोमांचक समय है। वह बहुत प्रतिभाशाली खिलाड़ी है और हम उसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने के लिए उत्सुक हैं। उसके पास स्पष्ट रूप से बल्ले से बहुत ताकत है, लेकिन उसने लंबे प्रारूपों में भी दिखाया है कि उसके पास एक अच्छी तकनीक और स्वभाव है।' इस साल की शुरूआत में घर से बाहर सफेद गेंद से डेब्यू करने वाले जैक फॉल्केस, मिच हे और टिम रॉबिन्सन की तिकड़ी को पहली बार घरेलू सीरीज में खेलने का मौका मिलेगा। पिछले महीने श्रीलंका के यादगार, रिकॉर्ड तोड़ने वाले दौरे के बाद हे को वनडे और टी20 दोनों टीमों में जगह मिली है। दांबुला में पहले टी20 में, हे ने एक पारी में सबसे ज्यादा शिकार करने का रिकॉर्ड बनाया (पांच कैच और एक स्टंपिंग)। उन्होंने पल्लेकेले में दूसरे वनडे में भी 49 रन बनाए।हे टी20आई में कीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। वनडे में उन्हें मौजूदा टॉम लैथम के बल्लेबाजी और कीपिंग कवर के तौर पर चुना गया है, जो 50 ओवर के मैचों के लिए टीम में शामिल होंगे। लैथम के अलावा विल ओ'रूर्के और विल यंग भी वनडे के लिए आएंगे, जो जैकब्स, फाउलकेस और रॉबिन्सन की जगह लेंगे - जिन्हें केवल टी20आई के लिए चुना गया है। ओ'रूर्के को उनके कार्यभार को प्रबंधित करने के उद्देश्य से टी20 के लिए आराम दिया गया है क्योंकि इस तेज गेंदबाज ने हाल ही में श्रीलंका, इंग्लैंड और भारत के खिलाफ सीरीज में आठ टेस्ट मैच खेले हैं। पूर्व कीपर-बल्लेबाज ल्यूक रोंची इस घरेलू असाइनमेंट के लिए मुख्य कोच होंगे, जबकि गैरी स्टीड लंबे समय तक काम करने के बाद ब्रेक लेंगे।

**न्यूजीलैंड टीम:** मिशेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फाउलकेस (केवल टी20आई), मिच हे, मैट हेनरी, बेवॉन जैकब्स (केवल टी20आई), टॉम लैथम (केवल वनडे), डेरिल मिशेल, विल ओ'रुरके (केवल वनडे), ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, टिम रॉबिन्सन (केवल टी20आई), नाथन स्मिथ, विल यंग (केवल वनडे)।

# अंतरराष्ट्रीय शतरंज संस्था ने फीडे सर्किट 2025 नियमों में प्रस्तावित बदलावों की घोषणा की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फीडे) ने रविवार को घोषणा की कि वह फीडे सर्किट 2025 विनियमों में कई बदलावों की योजना बना रहा है।

फीडे के अनुसार, ये परिवर्तन 2024 सर्किट से प्राप्त फीडबैक पर आधारित हैं, जिसका उद्देश्य सभी प्रतिभागियों के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी माहौल बनाना है।

फीडे की विज्ञप्ति में कहा गया है, 'ये परिवर्तन फीडे सर्किट अंक प्रदान करने के लिए अधिक



संतुलित और प्रतिस्पर्धी प्रणाली बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि खिलाड़ियों को उच्च-गुणवत्ता वाले टूनामेंट में उनके प्रदर्शन के लिए उचित रूप से पुरस्कृत किया जाए।'

## प्रस्तावित परिवर्तन

- 1. राउंड-रॉबिन टूनामेंट में सर्किट अंक के लिए पात्र खिलाड़ियों की संख्या में परिवर्तन
- 10 से कम प्रतिभागियों वाले टूनामेंट के लिए, शीर्ष 3 फिनिशरों को अभी भी अंक दिए जाएँगे।
- 10-12 प्रतिभागियों वाले राउंड-रॉबिन टूनामेंट में, शीर्ष 4 फिनिशरों को अंक दिए जाएँगे।
- 12 से अधिक प्रतिभागियों वाले टूनामेंट के लिए, शीर्ष 5 फिनिशरों को अंक मिलेंगे।
- इस परिवर्तन का उद्देश्य अधिक खिलाड़ियों को अंक प्रदान करके लंबे टूनामेंटों के मूल्य को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करना है, तथा यह सुनिश्चित करना है कि बड़े टूनामेंटों को उचित पुरस्कार मिले।
- 2. डबल राउंड-रॉबिन सुपर टूनामेंट की पात्रता
- कम से कम 6 प्रतिभागियों और 2700 एलो अंकों की औसत रेटिंग वाले डबल राउंड-रॉबिन टूनामेंट भी सर्किट अंक के लिए पात्र होंगे।
- यह परिवर्तन प्रतिष्ठित सुपर टूनामेंटों के महत्व को स्वीकार करता है, जिनमें अक्सर शीर्ष स्तर के खिलाड़ी भाग लेते हैं और जो फीडे कैलेंडर में प्रमुख आयोजन होते हैं।
- 3. एक दिन में कई राउंड वाले टूनामेंट के लिए अंकों में कमी
- एक दिन में दो राउंड वाले टूनामेंट में सर्किट अंकों की कुल संख्या कम होगी।
- विचार यह है कि छोटे टूनामेंट के लिए अंकों में कमी की जाए, जहाँ संकुचित कार्यक्रम लंबे आयोजनों के समान प्रयास को प्रदर्शित नहीं कर सकता है।
- फीडे सर्किट 2025 विनियमों के अंतिम संस्करण को आने वाले दिनों में फीडे परिषद द्वारा अनुमोदित किए जाने और 31 दिसंबर, 2024 तक प्रकाशित किए जाने की उम्मीद है।

## फीडे सर्किट क्या है?

- यह सर्किट फीडे कैंडिडेट्स टूनामेंट 2026 के लिए अर्हता प्राप्त करने के मार्गों में से एक है। एक खिलाड़ी जो 2024 के दौरान पात्र टूनामेंटों में उच्चतम परिणाम प्राप्त करेगा, उसे फीडे कैंडिडेट्स में स्थान मिलता है।
- प्रत्येक खिलाड़ी को कम से कम पाँच पात्र टूनामेंटों में खेलना था, जिसमें 2024 विनियमों के अनुसार अब तक मानक समय नियंत्रण वाले कम से कम चार शामिल हैं। अंतिम स्कोर की गणना खिलाड़ी के सात उच्चतम स्कोर के योग के रूप में की जाती है।

# कोनेग्लियानो ने जीता एफआईवीबी वॉलीबॉल महिला क्लब विश्व चैम्पियनशिप का खिताब

**हांग्जो।** चीन की तियानजिन बोहाई बैंक टीम रविवार को 2024 एफआईवीबी वॉलीबॉल महिला क्लब विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में इटली की कोनेग्लियानो से 3-0 से हार गई। टूनामेंट की पसंदीदा टीम कोनेग्लियानो ने ग्रुप स्टेज और सेमीफाइनल में बिना कोई सेट गंवाए अपने सभी मैच जीतकर अपनी श्रेष्ठ शक्ति का प्रदर्शन किया। पहले सेट के मध्य में तियानजिन ने बढ़त बनाई, लेकिन अपनी बढ़त का फायदा उठाने में विफल रही और अंततः 25-21 से सेट हार गई।



दूसरे सेट में तियानजिन को कोनेग्लियानो की शक्तिशाली जंप सर्विस को प्राप्त करने में संघर्ष करना पड़ा और जल्दी ही 25-15 पर पिछड़ गई। कोनेग्लियानो ने तीसरे सेट में श्रेष्ठता बनाए रखी और 25-20 से जीत के साथ समग्र जीत सुनिश्चित की। तियानजिन की मिडिल ब्लॉकर वांग युआनयुआन ने सिन्हुआ से कहा, 'पिछले साल हम स्टैंड में थे और इस साल फाइनल स्टेज में चीनी क्लबों का प्रतिनिधित्व करना बहुत रोमांचक है और हमने वास्तव में खेल का आनंद लिया। कोनेग्लियानो वर्तमान में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है। हम अपने प्रतिद्वंद्वी के दबाव में थे और हमारी टीम की अनुकूलन क्षमता में अभी भी सुधार की आवश्यकता है।'

# वार्षिकी एथलेटिक्स : डुप्लांटिस का रहा दबदबा, पेरिस ओलंपिक में अरशद ने नीरज को पछाड़ा, बने कई विश्व रिकॉर्ड



एजेंसी

**नई दिल्ली।** वर्ष 2024 में एथलेटिक्स में राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर कई रिकॉर्ड बने। मोंडो डुप्लांटिस इस साल तीन बार पोल वॉल्ट में अपना विश्व रिकॉर्ड सुधारने के बाद लगातार सुर्खियों में रहे। भारतीय एथलेटिक्स के लिए, गुलवीर सिंह ने लंबी दूरी की दौड़ में कई रिकॉर्ड बनाए। भारत के दृष्टिकोण से इस साल का सबसे बड़ा इवेंट पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का फाइनल था, जिसमें पाकिस्तान के अरशद नदीम ने एक अविश्वसनीय क्लाइमेक्स में नीरज चोपड़ा को हराया।

**जनवरी :** केन्याई धावक एग्नेस नेगेटिच ने वालेंसिया में 10 किलोमीटर का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया, पिछले रिकॉर्ड से 28 सेकंड कम समय में, 29 मिनट से कम समय में दूरी पूरी करने वाली पहली महिला बन गईं।

**फरवरी :** भारत की ज्योति याराजी ने एशियाई इनडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 60 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण जीतने के लिए राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने फाइनल में 8.12 सेकंड का समय लेकर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। फेमके बोल ने नीदरलैंड की राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 400 मीटर इनडोर विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया, उन्होंने 49.24 सेकंड में दौड़ पूरी की, जो एक साल पहले उनके द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड से दो सौवां सेकंड कम है।

**मार्च :** ग्रीस के मिल्टियाडिस टेंटोग्लू ने ग्लासगो में अपना विश्व इनडोर लंबी कूद खिताब बरकरार रखा। टेंटोग्लू ने अपने पहले प्रयास में 8.22 मीटर की छलांग लगाई।

राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता परवेज खान संयुक्त राज्य अमेरिका की एनसीएए चैंपियनशिप में ट्रैक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बन गए।

गुलवीर सिंह ने कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में द टेन में पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में 16 साल पुराना भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया और अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रहे।

**अप्रैल :** लिथुआनिया के मायकोलास एलेक्ना ने ओक्लाहोमा थ्रोज सीरीज प्रतियोगिता में डिस्कस थ्रो में 1986 से चला आ रहा विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया।

आर्मंड डुप्लांटिस ने ज़ियामेन डायमंड लीग मीट में 6.24 मीटर के प्रयास के साथ अपना खुद का पोल वॉल्ट विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। पेरेस जेपचिरचिर ने 44वीं लंदन मैराथन जीतकर महिलाओं का एकमात्र विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। केन्याई खिलाड़ी ने दो घंटे 16 मिनट 16 सेकंड के समय में पुरुष पेसमेकर के बिना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**मई :** नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग 2024 में 88.36 मीटर थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। चेक गणराज्य के जैकब वडलेज ने 88.38 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ जीत हासिल की।

आभा खटुआ ने फेडरेशन कप 2024 में भारतीय महिलाओं के शॉट पुट में 18.06 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा, जो पहले मनप्रीत कौर के नाम था।

नीरज चोपड़ा ने नेशनल फेडरेशन एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में 82.27 मीटर थ्रो करके स्वर्ण पदक जीता।

मोहम्मद अजमल, ज्योतिका श्री, अमोज जैकब और सुभा वेंकटेशन की भारतीय 4x400 मीटर मिश्रित रिले टीम ने एशियाई रिले चैंपियनशिप 2024 में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।

तेजस शिरसे ने फिनलैंड के ज्यवस्किला में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर (चैलेंजर लेवल) मीटिंग के दौरान पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

केन्या की बीट्राइस चेबेट ने प्रीफोंटेन क्लासिक में महिलाओं की 10,000 मीटर की दौड़ का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा।

**जून :** मुहम्मद अनस, ज्योतिका श्री दांडी, मुहम्मद अजमल और किरण पहल की भारतीय चौकड़ी ने राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4x400 मीटर मिश्रित रिले में 3:12.87 सेकंड का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

**जुलाई :** भारत के अविनाश साबले ने पेरिस डायमंड लीग मीट में 3000 मीटर स्टीपलचेज में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड बेहतर किया।

केन्या की फेथ किपयेगॉन ने पेरिस डायमंड लीग मीट में महिलाओं की 1500 मीटर में अपना ही विश्व रिकॉर्ड बेहतर किया।

**अगस्त :** जूलियन अल्फ्रेड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 100 मीटर की दौड़ का फाइनल जीता और सेंट लूसिया का पहला ओलंपिक पदक जीता।

नोहा लाइल्स ने 9.79 सेकंड में जीत हासिल कर पुरुषों की ओलंपिक 100 मीटर की दौड़ का फाइनल जीता। जमैका के किशन थॉम्पसन ने लाइल्स से मात्र पांच हजार सेकंड पीछे रहकर रजत पदक जीता।

स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने पेरिस में अपना ओलंपिक पोल वॉल्ट खिताब बरकरार रखते हुए अपना विश्व रिकॉर्ड सुधारा।

अमेरिकी सिडनी मैकलॉघलिन-लेवरोन ने 50.37 सेकंड के समय के साथ 400 मीटर बाधा दौड़ का अपना विश्व रिकॉर्ड तोड़कर अपना ओलंपिक खिताब बरकरार रखा।

नीरज चोपड़ा ने पेरिस खेलों में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि पाकिस्तान के अरशद नदीम ने ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़कर शानदार स्वर्ण पदक जीता।

बेल्जियम की नफिसातो थियाम लगातार तीन ओलंपिक हेप्टाथलॉन खिताब जीतने वाली इतिहास की पहली महिला बन गईं।

केन्या की फेथ किपयेगॉन ओलंपिक में 1,500 मीटर स्पर्धा में लगातार तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला बन गईं।

सिफान हसन पेरिस खेलों में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद एमिल जातोपेक के बाद एक ही ओलंपिक में 5000 मीटर, 10,000 मीटर और मैराथन में पदक जीतने वाली पहली एथलीट बन गईं।

**सितंबर :** पोल वॉल्टर मोंडो डुप्लांटिस ने ज्यूरिख में बहुप्रतीक्षित 100 मीटर प्रदर्शनी दौड़ में 400 मीटर बाधा दौड़ के खिलाड़ी कार्स्टन वारहोम को पछाड़ दिया।

नॉर्वे के जैकब इंगेब्रिगत्सेन ने सिलेसिया डायमंड लीग मीट में लंबे समय से चले आ रहे 3,000 मीटर के विश्व रिकॉर्ड को तीन सेकंड से अधिक समय से तोड़ दिया।

मोंडो डुप्लांटिस ने सिलेसिया डायमंड लीग मीटिंग में दूसरे प्रयास में 6.26 मीटर की दूरी तय करके अपना ही पोल वॉल्ट विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया।

केन्या की फेथ किपयेगॉन ने सीरीज के फाइनल में अपने पांचवें डायमंड लीग सीजन के खिताब के साथ 1,500 मीटर से अधिक की अपनी उल्लेखनीय जीत की लय को और मजबूत किया।

नीरज चोपड़ा डायमंड लीग जेवलिन का ताज सिर्फ एक सेंटीमीटर से चूक गए क्योंकि वे लगातार दूसरे साल 87.86 मीटर की दूरी तय करके दूसरे स्थान पर रहे। वे अंतिम विजेता एंडरसन पीटर्स के 87.87 मीटर के प्रयास से चूक गए।

गुलवीर सिंह ने जापान के निगाटा में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर में पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में 13:11.82 का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीतकर अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।

**अक्टूबर :** इथियोपिया के योमिफ केजेल्चा ने स्पेन के मेडियो मैराथन डे वालेंसिया में 57 मिनट और 30 सेकंड में हाफ मैराथन पूरी करके पुरुषों का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा।

**नवंबर :** चेक एथलेटिक्स फेडरेशन ने घोषणा की है कि नीरज चोपड़ा ट्रिपल ओलंपिक चैंपियन जान जेलेजनी के नेतृत्व में एक प्रशिक्षण समूह में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

गुलवीर सिंह ने 10,000 मीटर दौड़ में अपने ही भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर बनाया और जापान में 2024 हचियोजी लॉन्ग डिस्टेंस मीट में स्वर्ण पदक जीता।

**दिसंबर :** डच मैराथन धावक सिफान हसन और बोत्सवाना के धावक लेट्साइल टेबोगो, जिन्होंने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था, को मोनाको में विश्व एथलेटिक्स द्वारा 'एथलीट ऑफ द ईयर' नामित किया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअली जुड़े रोजगार मेले से

# 71 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र किए वितरित

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त भर्तियों के लिए 71,000 से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधन में नवनियुक्त युवाओं को शुभकामनाएं दीं। वो रोजगार मेले से वर्चुअली जुड़े।

उन्होंने कहा कि वह कल देररात ही कुवैत से लौटे हैं और वहां उनकी भारत के युवाओं और प्रोफेशनल्स से काफी बातें हुईं। अब यहां आने के बाद पहला कार्यक्रम देश के नौजवानों के साथ हो रहा है। उन्होंने इसे एक सुखद संयोग बताया। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को सशक्त बना रहे हैं और उनकी क्षमता को उजागर कर रहे हैं। आज देश के हजारों युवाओं के लिए जीवन की एक नई शुरूआत हो रही है। आपका वर्षों का सपना पूरा हुआ है, वर्षों की मेहनत सफल हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2024 का गुजरता साल आपको और आपके परिवार को नई खुशियां देता हुआ जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म-सशक्तिकरण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करता है। रोजगार मेला देश भर में 45 स्थलों पर आयोजित किया गया। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के लिए भर्तियां हो रही हैं। देश भर से चयनित नए कर्मचारी गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग सहित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में शामिल होंगे।

## दिल्ली में एक्यूआई के स्तर में सुधार नहीं, आज भी 'गंभीर'



एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार होता नहीं दिख रहा। 16 दिसंबर से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का चौथा चरण लागू है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, आज सुबह 7:30 बजे दिल्ली में औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 403 दर्ज किया गया। यह गंभीर श्रेणी में आता है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, महानगर में कोहरे की पतली परत छाई रही। इससे दृश्यता कम हो गई। आज हल्की बारिश के साथ बादल छाए रहने की संभावना है।

राजधानीदिल्ली के कई क्षेत्रों में एक्यूआई का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। यह वजीरपुर में 464, अशोक विहार में 460, मुंडका में 446, बुराड़ी क्रॉसिंग में 445, आनंद विहार में 443, द्वारका-सेक्टर 8 में 393 और नजफगढ़ में 372, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 399,आईजीआई एयरपोर्ट में 351, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 400, लोधी रोड में 376, मंदिर मार्ग में 400, शादीपुर में 373, श्री अरबिंदो मार्ग में 361, नजफगढ़ में 372 दर्ज किया गया।




मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का प्रगति यात्रा पर जाने से पहले पटना एयरपोर्ट पर समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत

## उपराष्ट्रपति धनखड़, प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीयमंत्री जयंत भाजपा ने किसान नेता चौधरी चरण सिंह को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीयमंत्री जयंत चौधरी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। धनखड़ और जयंत ने नई दिल्ली के किसान घाट पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा ने भी एक्स हैंडल पर चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि दी। भाजपा ने लिखा, "किसानों की आवाज बुलंद करने वाले प्रखर नेता, भारत रत्न से अलंकृत पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह




की जयंती 'किसान दिवस' पर शत-शत नमन।"

प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और सेवाभाव हर किसी को प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "गरीबों और किसानों के सच्चे हितैषी पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और सेवाभाव हर किसी को प्रेरित करता रहेगा।" प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही एक वीडियो भी साझा किया। इसमें चरण सिंह के चुनिंदा भाषण हैं।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने चौधरी चरण सिंह की जयंती पर देश के सभी किसानों को नमन किया। उन्होंने कहा कि 2001 में सही निर्णय लेकर किसान दिवस की शुरूआत की गई। चौधरी चरण ने अपना समस्त जीवन किसानों और देश के विकास के लिए समर्पित किया।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि अगले वर्ष किसान दिवस के 25 वर्ष पूरे होंगे। हम सभी को संकल्प लेकर पूरे वर्ष कार्यक्रम करने हैं, ताकि हम किसानों के हित को सर्वोपरि रख सकें। उल्लेखनीय है कि चौधरी चरण सिंह का जन्म 1902 में हुआ था। उनकी जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। वो जुलाई 1979 से जनवरी 1980 तक प्रधानमंत्री रहे। समाजवादी चौधरी चरण सिंह को किसानों का जबरदस्त समर्थन हासिल था।मोदी सरकार ने इसी साल उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजा है।

## उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में खालिस्तान समर्थक तीन आतंकवादी पुलिस मुठभेड़ में मारे गए

एजेंसी

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जनपद में आज सुबह पुलिस मुठभेड़ में खालिस्तान समर्थक तीन आतंकवादी मारे गए हैं। पंजाब और उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम को यह सफलता संयुक्त कार्रवाई में मिली। मुठभेड़ में दो पुलिस कर्मचारी भी जख्मी हो गए।



पुलिस के अनुसार, तीनों आतंकवादी पीलीभीत जिले के पूरनपुर क्षेत्र में छुपे थे। इनके नाम गुरविंदर सिंह, वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि, जसनप्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह हैं। इनकी उम्र 18 से 25 वर्ष है। तीनों पंजाब के रहने वाले हैं। पुलिस का कहना है कि इस मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी शाहनवाज और सुमित राठी घायल हो गए। दोनों को अस्पताल भेजा जा रहा है। आतंकवादियों के पास एके 47 मिली है। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी समेत आलाधिकारी मौके पर पहुंचे हैं।

## नेपाल-चीन के बीच प्रस्तावित रेलमार्ग पर हलचल तेज

**काठमांडू।** नेपाल और चीन के बीच बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव कार्यान्वयन समझौते पर हालिया हस्ताक्षर के बाद दोनों देशों के मध्य रेलमार्ग निर्माण पर हलचल तेज हो गई है। इस समझौते में चीन की सीमा करूंग से काठमांडू को जोड़ने के लिए रेलमार्ग निर्माण की परियोजना को शामिल किया गया है।दोनों देशों के विभिन्न मंत्रालयों से जुड़े उच्चस्तरीय कर्मचारियों की मौजूदगी में हुई चर्चा में रेलवे परियोजना की प्री-फिजिबिलिटी स्टडी के दौरान आने वाली समस्याओं और समाधानों की तलाश की गई। नेपाल परिवहन मंत्रालय के सचिव केशव कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम चीन के शंघाई पहुंची है। शर्मा के साथ इस टीम में परिवहन विभाग के संयुक्त सचिव भीमार्जुन अधिकारी, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, कानून मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के संयुक्त सचिव शामिल हैं।शंघाई में शुक्रवार से शुरू हुई बैठक रविवार तक चली। चीन की टीम ने बताया कि काठमांडू-केरुंग रेलवे का निर्माण चुनौतीपूर्ण है। इस बैठक में काठमांडू करूंग रेलमार्ग के प्री फिजीबिलिटी अध्ययन में शामिल चीनी राज्य के स्वामित्व वाली कंपनी चाइना रेलवे फर्स्ट सर्वे एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट के तकनीशियनों ने भी बैठक में हिस्सा लिया।बैठक में सहभागी परिवहन मंत्रालय के संयुक्त सचिव भीमार्जुन अधिकारी ने कहा कि इस पूरे रेलमार्ग पर 98 प्रतिशत हिस्सा पहाड़ी होने के कारण निर्माण लागत काफी महंगी होने वाली है। बैठक में चीनी पक्ष ने बताया कि भौगोलिक परिस्थितियों के कारण करीब 95 फीसदी मार्ग में सिर्फ सुरंगों और पुलों का ही निर्माण होगा।अध्ययन के हिस्से के रूप में वर्तमान में काठमांडू, नुवाकोट और रसुवा में मिट्टी का परीक्षण किया जा रहा है। रेलवे लाइन के संभावित स्थान पर ड्रिलिंग कर भूमिगत मिट्टी निकालने का अध्ययन किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि व्यवहार्यता अध्ययन पूरा होने के बाद सभी विषय आ जाएंगे। ड्रिल करने में अभी और समय लगेगा।नेपाल ने चीनी अधिकारियों को सूचित कर दिया है कि अध्ययन के लिए आवश्यक प्रशासनिक सहायता प्रदान की जाएगी। नेपाल की टीम ने रेलवे का अध्ययन कर रहे फर्स्ट सर्वे एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट की तकनीकी टीम से अलग से बातचीत की।

## शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख

# सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह लगातार गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार में आज सप्ताह के पहले कारोबारी दिन शुरूआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद से ही लिवाल और बिकवाल लगातार एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश कर रहे हैं, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में उतार चढ़ाव बना हुआ है। पहले एक घंटे का कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.84 प्रतिशत और निफ्टी 0.87 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।



शुरूआती एक घंटे का कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से जेएसडब्ल्यू स्टील, ट्रेंट लिमिटेड, श्रीराम फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 2.21 प्रतिशत और से लेकर 1.59 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर हीरो मोटोकॉर्प, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, अपोलो हॉस्पिटल, एनटीपीसी और डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज के शेयर 0.96 प्रतिशत से लेकर 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,056 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 877 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,179 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 28 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 2 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 42 शेयर हरे निशान में और 8 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 447.05 अंक की तेजी के साथ 78,488.64 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता रहा। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 78,743.16 अंक के स्तर तक पहुंचा, वही बिकवाली का दबाव बनने पर ये 78,438.67 अंक के स्तर तक गिर भी गया। हालांकि सेंसेक्स में न्यूनतम 400 अंक से अधिक की तेजी हमेशा बनी रही। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 657.15 अंक की तेजी के साथ 78,698.74 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 150.70 अंक उछल कर 23,738.20 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 23,806.50 अंक तक पहुंचा। वहीं बिकवाली होने पर इसने 23,701.60 अंक तक गोता भी लगाया। राहत की बात यही रही कि ये सूचकांक लगातार हरे निशान में कारोबार करता रहा। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 206.20 अंक की मजबूती के साथ 23,793.70 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 1,176.46 अंक यानी 1.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 78,041.59 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 364.20 अंक यानी 1.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,587.50 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

## इंडियन ओवरसीज बैंक में लूट करने वाले लूटेरों से पुलिस मुठभेड़, एक लूटेरा गिरफ्तार

**लखनऊ।** चिनहट क्षेत्र के मटियारी मार्ग स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा के पीछे की दीवार काट कर लूट मामले में सोमवार को लूटेरों से पुलिस टीम की मुठभेड़ हो गयी। सुबह के वक्त संदिग्धों की सूचना पर पुलिस टीम ने लौलाई गांव में वाहनों की चेकिंग आरम्भ की थी, तभी सामने से आते वाहनों को रोककर पूछताछ किया गया। इस दौरान एक लूटरा गिरफ्तार हुआ एवं तीन मौके से फरार हो गये।


पुलिस उपायुक्त पूर्वी शशांक सिंह ने मीडिया को बताया कि इंडियन ओवरसीज बैंक में लूट मामले में पुलिस की तीन टीमें लगायी गयी थीं। जिनकी ओर से लौलाई में लूटेरों के पहुंचने की सूचना पर चेकिंग लगायी गयी। जब सुबह के वक्त वाहनों की चेकिंग में बिहार ?के मूंगेर निवासी लूटेरा अरविन्द कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। उससे घटना के संबंध में चिनहट थाने की पुलिस एवं क्राइम ब्रांच पूछताछ कर रही है। वहीं मौके से फरार हुए लूटेरों के पीछे पुलिस टीम लगी हुई है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जायेगा।

### न्यूज IN ब्रीफ

## दिल्ली-एनसीआर के आसमान पर बादलों का डेरा, अधिकांश हिस्से में बूंदाबांदी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, सोनीपत और गुरुग्राम में आज सुबह से आसमान पर बादलों का डेरा है। दिल्ली-एनसीआर के अधिकांश हिस्सों में बूंदाबंदी हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आज सुबह भी इस बारे में उपग्रह से प्राप्त तड़ित पूवार्नुमान जारी किया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इस बूंदाबांदी का असर यह होगा कि ठंड बढ़ेगी। इस पूरे सप्ताह में कई बार बारिश होने का पूवार्नुमान है।अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। कल से न्यूनतम तापमान में भी एक से दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। उधर, सुबह साढ़े पांच बजे से करीब सात बजे तक कई स्थानों पर स्मॉग के साथ-साथ हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, मंगलवार और बुधवार को कोहरा और घना हो सकता है। मध्यम स्तर का कोहरा होने पर न्यूनतम दृश्यता 200 से 500 मीटर तक और अधिकतम कोहरा होने पर न्यूनतम दृश्यता 50 से 200 मीटर होती है। 26 दिसंबर की रात एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इस वजह से गुरुवार देररात दिल्ली में कई जगह हल्की वर्षा हो सकती है। शुक्रवार और शनिवार को भी ऐसे ही आसार रह सकते हैं।

## कोलकाता में जन्मे बांग्लादेश के पूर्व अटॉर्नी जनरल आरिफ ढाका में सुपुर्द-ए-खाक



**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व अटॉर्नी जनरल और अंतरिम सरकार के नागरिक उड्डयन और पर्यटन सलाहकार एएफ हसन आरिफ को आज सुबह 10:30 मीरपुर शहीद बुद्धिजीवियों के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उनका गत दिवस इंतकाल हो गया था। उनके सम्मान में आज बांग्लादेश में एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है। ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र के अनुसार, दिवंगत हसन आरिफ को उनके बेटे मुआज आरिफ और अन्य प्रमुख व्यक्तियों सहित परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में दफनाया गया। आरिफ ने 83 वर्ष की आयु में 20 दिसंबर को राजधानी ढाका के लैबैड अस्पताल में अंतिम सांस ली थी। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील एएफ हसन आरिफ का जन्म 1941 में कोलकाता में हुआ था। उन्होंने अपनी माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा कोलकाता के सेंट जेवियर्स कॉलेज से पूरी की। इसके बाद उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री और एलएलबी की उपाधि प्राप्त की। 1967 में कलकत्ता हाई कोर्ट में एक वकील के रूप में नामांकन कराने के बाद वह पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) चले गए। उन्होंने 1970 में ढाका हाई कोर्ट में प्रैक्टिस शुरू की। हसन आरिफ सैन्य तानाशाह एचएम इरशाद के शासन के समय अप्रैल 1982 से अगस्त 1985 तक सहायक अटॉर्नी जनरल के रूप में और अगस्त 1985 से मार्च 1996 तक डिप्टी अटॉर्नी जनरल के रूप में कार्य किया। बाद में उन्होंने अक्टूबर से बीएनपी-जमात-ए-इस्लामी गठबंधन सरकार के दौरान अटॉर्नी जनरल के रूप में कार्य किया। जनवरी 2008 से जनवरी 2009 तक उन्होंने फखरुद्दीन अहमद के नेतृत्व वाली कार्यवाहक सरकार के कानूनी सलाहकार के रूप में कार्य किया। पूर्व अटॉर्नी जनरल ने कई मामलों में मोहम्मद यूनुस का प्रतिनिधित्व किया।

## बिहार के किशनगंज में दीवार गिरने से तीन की मौत, एक जख्मी

**किशनगंज।** बिहार में किशनगंज जिले के बहादुरगंज थानाक्षेत्र के मुख्य बाजार झांसी रानी चौक के समीप दुर्गा मंदिर के पास रविवार की रात दीवार गिरने से तीन की मौत हो गई है। जबकि, एक जख्मी है। स्थानीय लोगों ने सभी लोगों को इलाज के लिए बहादुरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डाक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। जबकि, एक की मौत सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई है। एक घायल का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में ही चल रहा है। घटना के बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। जबकि, पूरे गावं मे मातम का माहौल बना हुआ है। मृतक की पहचान मो. आलम, मो. शाहीद आलम, भरत कुमार सभी बहादुरगंज निवासी के रूप मे हुई है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया है। घायल की पहचान मो. मुन्ना, बहादुरगंज निवासी के रूप मे हुई है। सोमवार को स्थानीय लोगों ने बताया कि सभी लोग राम कुमार अग्रवाल के बाउंड्री के समीप पेशाब करने गए थे जहां बॉउंड्री की दीवार गिरने से सभी लोग गंभीर रुप से जख़्मी हो गए, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने हादसे पर दुख जताते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया। उन लोगों का कहना था कि अगर अस्पताल में डाक्टर मौजूद रहते तो शायद लोगों की जान बचाई जा सकती थी। एसडीपीओ-1 गौतम कुमार ने बताया कि तीन लोगों के मौत की सूचना मिली है। दीवार गिरने से जान गई है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। हालांकि यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। एशियाई बाजारों में भी आज तेजी का रुख बना हुआ है। अमेरिका में नवंबर के आर्थिक आंकड़ों के सकारात्मक रहने की वजह से पिछले सत्र के दौरान बाजार में जोश का माहौल बना रहा। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.09 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,930.85 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 180.51 अंक यानी 0.93 प्रतिशत उछल कर 19,553.28 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज फिलहाल 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 42,866.59 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान गिरावट का रुख बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,084.61 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,274.48 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.43 प्रतिशत लुढ़क कर 19,884.75 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 8 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि एक सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बना हुआ है। गिफ्ट निफ्टी 0.11 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,743.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### बंगलुरु के आईआरएस अधिकारी ने जवाहर नवोदय विद्यालय कोलेबिरा का दौरा किया

**कोलेबिरा :** बंगलुरु के आईआरएस अधिकारी के. नारायण ने झारखंड सरकार के खर्चों की निगरानी हेतु विधानसभा चुनाव से संबंधित निरीक्षण के दौरान जवाहर नवोदय विद्यालय कोलेबिरा का दौरा किया। इस दौरान, उनकी पत्नी सीता गोपाल कृष्णन ने बच्चों को सीखने के तरीकों पर सुझाव दिए। सीता गोपाल कृष्णन ने बताया कि हम अपनी इंद्रियों का उपयोग करके ऑब्जर्वेशन कर सकते हैं। उदाहरण स्वरूप, यदि हमें किसी फल का स्वाद लेना है, तो हम उसे चखकर देख सकते हैं। इसी प्रकार, अगर कोई शिक्षक पढ़ा रहा है, तो हम उन्हें देखकर, सुनकर और लिखकर समझ सकते हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रशांत कुमार, प्रमोद कुमार महतो, पुनम् कुमारी, प्रिया कुमारी, अन्नू गुप्ता और झारखंड पुलिस के विवेकानंद उपस्थित थे, जो इस निरीक्षण को सफल बनाने में योगदान दे रहे थे।

### मांडर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कई योजनाओं के लाभुकों को मिला लाभ

मांडर। प्रखंड मुख्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) के तत्वावधान में विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना था, ताकि वे इनसे लाभान्वित हो सकें।

कार्यक्रम की शुरूआत में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन प्रसाद ने डालसा के गठन और इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डालसा का उद्देश्य जरूरतमंद और कमजोर वर्गों को न्याय सुनिश्चित करना है और इसके लिए वे सरल प्रक्रिया के माध्यम से इसका लाभ उठा सकते हैं।

कार्यक्रम में मांडर व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी नुमान खान ने ग्रामीणों को उनकी न्यायालय से संबंधित समस्याओं पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए लोग बिना झिझक थाने या अन्य आवश्यक संस्थानों में सीधे पहुंच सकते हैं। उन्होंने न्याय पाने के लिए बिचौलियों पर निर्भर रहने की प्रवृत्ति को त्यागने का सुझाव दिया। वहीं, थाना प्रभारी राहुल कुमार ने आम जनता से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सीधे थाने में आएं और किसी बिचौलिए को अपने मामलों में शामिल न करें।

इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुकों के आवेदन भी स्वीकृत किए गए। सर्वजन पेंशन योजना के तहत 20 लाभुकों के आवेदन स्वीकृत किए गए, जबकि मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना के तहत 50 लाभुकों का आवेदन मंजूर किया गया। अबुवा आवास योजना के तहत नौ लाभुकों के आवेदन स्वीकृत किए गए। इसके अलावा, सखी मंडल की दीदियों को रोजगार सृजन के लिए तीन करोड़ तीन लाख रुपये का बैंक लिंकेज दिया गया।

कृषि विभाग द्वारा फसल विस्तार योजना के तहत 40 किसानों को दो-दो किलो मक्का के बीज मुफ्त में प्रदान किए गए। साथ ही, मनरेगा और ज्योति बाई फूले योजना के लाभुकों के आवेदन भी मंजूर किए गए।

इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। प्रखंड के सभी पदाधिकारी और कर्मी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन जेएसएलपीएस के बीपीएम धीरेन्द्र कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जबकि संचालन बीटीएम गोपाल महतो ने किया।

इस आयोजन ने ग्रामीणों को न केवल उनके अधिकारों और योजनाओं की जानकारी दी, बल्कि उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया।

### गोमिया में काली मंदिर संचालन समिति की ओर से 151 कंबल का किया गया वितरण

**गोमिया :** गोमिया मोड़ के समीप काली मंदिर के प्रांगण में मंदिर संचालन समिति की ओर गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगो के बीच 151 कंबल का वितरण किया गया। मंदिर संचालन समिति के सचिव प्रदीप रवानी और कोषाध्यक्ष किशोर साव ने बताया कि यहां प्रत्येक वर्ष ठंड के मौसम में समिति की ओर से जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया जाता है। मौके पर मंदिर संचालन समिति के संरक्षक डॉ सुरेंद्र राज, अध्यक्ष जगदीश स्वर्णकार, सचिव प्रदीप रवानी, उपाध्यक्ष विपिन कुमार, कोषाध्यक्ष किशोर साव, पूजा प्रभारी आदित्य पांडे, उपसचिव बसंत जयसवाल, धनेश्वर साव, अनिल स्वर्णकार, केदार रवानी, विनोद अग्रवाल, किशोरी ठाकुर, सुखदेव साव, सुनील चौधरी, और पंकज पांडेय उपस्थित थे।

### टाना भगतों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना सबसे बड़ी जिम्मेदारी: बंधु तिर्की



**चान्हो।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने रविवार को कहा कि टाना भगतों का आर्थिक, सामाजिक और समग्र जीवन स्तर ऊंचा उठाना आज की सबसे बड़ी चुनौती और सरकार की जिम्मेदारी है।

चान्हो प्रखंड के सोंचिपी में आयोजित अखिल भारतीय टाना भगत संघ के 112वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि टाना भगतों ने स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी के नेतृत्व में अहिंसात्मक आंदोलन का अभूतपूर्व योगदान दिया। उन्होंने इसे दुनिया में एक अनूठा उदाहरण बताया।

श्री तिर्की ने कहा कि स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद भी टाना भगत समुदाय सादगीपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहा है। उन्होंने सरकार से अपील की कि इस समुदाय के उत्थान के लिए ठोस योजनाएं बनाई जाएं ताकि उनके आर्थिक और सामाजिक स्थिति को बेहतर किया जा सके।

कार्यक्रम में टाना भगत समुदाय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर के संदर्भ में दिए गए बयान की कड़ी आलोचना की। टाना भगतों ने इस बयान को अपमानजनक बताते हुए राष्ट्रपति से मिलकर गृह मंत्री को उनके पद से हटाने की मांग करने की बात कही।

बंधु तिर्की ने इस अवसर पर जोर देते हुए कहा कि टाना भगत समुदाय के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। बंधु तिर्की ने टाना भगतों के योगदान को याद करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के नेतृत्व में उनके संघर्ष और बलिदान ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि आज सरकार का यह नैतिक दायित्व है कि इस समुदाय को उनका अधिकार दिलाने के लिए विशेष योजनाओं और संसाधनों का प्रावधान करे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में टाना भगत समुदाय के लोग उपस्थित थे। समारोह में टाना भगत संघ के वरिष्ठ नेताओं ने भी अपनी बात रखी और समुदाय की समस्याओं को सामने लाया।

### संत जेवियर्स बालक विद्यालय में बाल मेला का आयोजन

# बच्चों के हित में बनाए गए हैं कई कानून और योजनाएं : विकास दोदराजका

### झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बाल सुलभ प्रावधानों का किया प्रचार

**विनय मिश्रा**

**चाईबासा।** संत जेवियर्स बालक विद्यालय चाईबासा में बाल मेला का आयोजन किया गया उक्त मेले में बड़ी संख्या में बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी हिस्सा लिया, इस दौरान विद्यालय के परिसर में कई छोटे बड़े स्टाल लगाए गए थे जिसमें मनोरंजन सामग्रीयों, खानपान और ज्ञानवर्धक पुस्तकों के स्टाल भी लगे थे, इसी क्रम में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य विकास दोदराजका ने बाल आयोग की ओर से जागरूकता सह बाल विकास से जुड़े प्रचार सामग्री का स्टाल लगया, उक्त स्टॉल के माध्यम से उन्होंने अभिभावकों और उपस्थित लोगों को बाल अधिकार से जुड़े वैधानिक प्रावधानों की जानकारी प्रदान की और शैक्षणिक सामग्रियों का वितरण भी किया, उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोग बच्चों से संबंधित सरकारी कल्याणकारी योजनाओं और विधिक सेवाओं की



जानकारी लेकर इसके प्रति सजग हुए हैं यह अच्छा संकेत है बाल अधिकार संरक्षण आयोग ऐसे मामलों में जहां बच्चों के उज्जवल भविष्य की संभावना प्रतीत होती है उसे और बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है और बाल शोषण मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है राज्य सरकार बाल सुलभ वातावरण तैयार करने के लिए कृतसंकल्पित है और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से भी महत्वपूर्ण विधिक सेवाओं की निशुल्क व्यवस्था भी उपलब्ध कराती है जिसकी जानकारी आम लोगों तक पहुंचना आवश्यक है, हमें भयमुक्त बाल सुलभ समाज का निर्माण करना है जो की सभी के सहयोग से संभव हो सकता है इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक फा यूजीन एक्का, शिक्षक शेखर, केदार प्रधान, अधिकार मित्र नीता कोड़ा,रीना प्रधान ओर बड़ी संख्या में अभिभावकगण भी उपस्थित थे।

### दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल का 25वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

**मांडर:** प्रखंड के कंदरी स्थित दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल ने रविवार को अपना 25वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. त्रिवेणी साहू और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. त्रिवेणी साहू ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है।

विशिष्ट अतिथियों में डॉ. आर.के. झा (प्राचार्य, डीपीएस सेल टाउनशिप रांची), नीरज सिन्हा (प्राचार्य, फिण्यालाल पब्लिक स्कूल रांची), राजेश पिल्लई (प्राचार्य, केरली पब्लिक स्कूल रांची), और अन्य सम्मानित प्राचार्यों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय के निदेशक डॉ. राजेश दत्त ने विद्यालय की 25वीं वर्षगांठ पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने विद्यालय के विकास और उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए बताया कि यह स्कूल ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए जाना जाता है।

### माडर्न स्कूल में वार्षिकोत्सव पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गोमिया :** गोमिया के माडर्न स्कूल, होसिर में आयोजित वार्षिकोत्सव सह प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया. इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. कार्यक्रम में गणेश वंदना, नागपुरी नृत्य, बीहू नृत्य, पंजाबी और पहाड़ी लोक नृत्य, गरबा, क्रिसमस गीत, गुजराती और असमिया नृत्य सहित लावणी नृत्य और हिंदी व अंग्रेजी नाट्य प्रस्तुतियां खास आकर्षण रहीं.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री और स्थानीय विधायक योगेंद्र प्रसाद अस्वस्थता के कारण उपस्थित नहीं हो सके. उनकी ओर से उनके प्रतिनिधि अमित पासवान ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया. समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसे अमित पासवान, विद्यालय के चेयरमैन सरोज कुमार चौधरी, उनकी माताजी, प्राचार्य सुनील कुमार सिन्हा, और पंचायत समिति सदस्य गीता देवी ने संपन्न किया।

**विद्यालय के संस्थापक को दी गई श्रद्धांजलि**

विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में संस्थापक स्वर्गीय अवधेश कुमार चौधरी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका सपना बच्चों की शिक्षा और विकास के माध्यम से समाज को नई दिशा देना था। प्राचार्य ने छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए विद्यालय के प्रयासों पर जोर दिया। चेयरमैन सरोज कुमार चौधरी ने भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित**

इस अवसर पर पूर्ववर्ती छात्रा आकांक्षा कश्यप को 10वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न कक्षाओं के मेधावी छात्रों को भी मुख्य अतिथि अमित पासवान द्वारा पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

**कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों और छात्रों का योगदान**

इस समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रज्ञा कुमारी ने किया। शिक्षिकाओं में गंगा सिन्हा, रफत परवीन, पूनम, प्रीति, रिचा, नेहा, शशि चौधरी ने विशेष भूमिका निभाई। शिक्षकों में सौमित्र डे, शशि कुमार, और कुलदीप यादव ने भी आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

**समारोह की सराहना**

समारोह में उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया और बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस प्रकार, माडर्न स्कूल, होसिर का वार्षिकोत्सव विद्यार्थियों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयास से यादगार बन गया।

### विद्यार्थी कठिन परिश्रम एवं लगन से सफलता निश्चित तौर पर पाते हैं : प्राचार्य





**ज्योति पाठक**

शिक्षा, अनुशासन एवं बेहतर परीक्षा परिणाम से पुरे जिला में अपनी सशक्त पहचान रखने वाला मधुसूदन पब्लिक स्कूल के 10$2 के छात्रों के प्री बोर्ड के पूर्व आयोजित परीक्षा में विद्यार्थियों को परिणामफल दिया जाने के पश्चात विद्यालय के प्राचार्य के. नागराजु ने विद्यार्थियों को अपनी शुभकामना देने के साथ-साथ उनका उत्साहवर्धन भी बढ़ाया। प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थी अपने लगन, परिश्रम और मेधावीपन से अपनी प्रतिभा और पढ़ाई के प्रति गहरी रूची के परिणामस्वरूप बेहतर परिणामफल लाकर विद्यालय के साथ-साथ शिक्षकगण और विद्यालय परिवार का नाम रौशन करते हैं। ये विद्यार्थी भविष्य के निर्माणकर्ता हैं और अपने बेहतर परीक्षा परिणामफल से विद्यालय का मान-सम्मान और गौरव भी बढ़ाते हैं। इसलिए प्रीबोर्ड के पूर्व आयोजित परीक्षा में विद्यार्थियों ने जिस लगन और मेधावीपन का उदाहरण प्रस्तुत किया है वह निश्चित तौर पर विद्यालय के लिए गौरव और उपलब्धि की बात है।

### मानव श्रृंखला बनाकर विस्थापित करेगें स्टील मिनिस्टर का स्वागत

**बोकारो :** बीएसएल लैंड डोनर फेडरेशन ने रविवार को मजदूर मैदान में विस्थापित सेमिनार आयोजित करके कई निर्णय लिया है। जिसमे प्रमुख हैं : - स्टील मिनिस्टर का जब बोकारो दौरा होगा , एयरपोर्ट से बोकारो होटल तक प्रत्येक गांव के विस्थापित अपने हाथों में अपने गांव के बैनर लेकर मानव श्रृंखला बनाकर स्वागत करेंगे। ताकि विस्थापित की दुर्गति को स्टील मिनिस्टर अपनी आंखें से देख सकें। झारखंड सरकार के मंत्री विस्थापित आरक्षण को गजट में शामिल करें, विस्थापित आयोग का गठन करें तथा 19 गांव को पचायत में शामिल करने की घोषणा करे तो झारखंड के मंत्री विधायक का भी ऐसे ही स्वागत किया जाएगा। इसके साथ यह भी निर्णय हुआ कि स्टील मिनिस्टर का यदि कोई विस्थापित संगठन विरोध करेंगे, तो मानव श्रृंखला द्वारा स्वागत कार्यक्रम को स्थगित कर दिया जायेगा। वार्ता को भी स्थगित कर दिया जायेगा। निर्णय लिया गया कि दिल्ली गई प्रतिनिधि मंडल को पंद्रह सदस्यीय बनाया जायेगा। वे विस्थापित अधिकार से जुड़े दस्तावेज स्टील मिनिस्टर को सौंपेंगे। विस्थापित संगठनों के साथ हुई समझोता के दस्तावेज सोपा जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी विस्थापित ने एक स्वर में सांसद ढुलू महतो जी के प्रति आभार प्रकट किया। और विस्थापितों

### जिले के 150 जगहों पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**बोकारो :** बोकारो विधायक श्वेता सिंह के द्वारा बोकारो जिला पुलिस के अधिकारियों से सी.सी.टी.वी कैमरा लगाने हेतु वार्ता हुई जहां तय हुआ कि सी.सी.टी.वी कैमरा के माध्यम से बोकारो विधानसभा क्षेत्र में आमजन की सुरक्षा व आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए 150 जगहों पर कैमरा लगाने हेतु पहल होगी। श्वेता सिंह और पुलिस के अधिकारियों ने शहर,ग्रामीण एवं विस्थापित क्षेत्रों के प्रमुख स्थलों का निरीक्षण किया है जहां यह व्यवस्था अति आवश्यक है। इसके माध्यम से क्षेत्र में होने वाली गतिविधियो पर प्रशासनिक स्तर पर नजर रखी जाएगी। शुरूआत में एन एच 23,जैनामोड,बालीडीह,सिवानडीह,बारी को-ऑपरेटिव,ऊक्रिद,नयामोड़, एडीएम गेट,जनवृत-09 होते हुए विस्थापित क्षेत्रों में चौक-चौराहे,भीड़ वाले जगह समेत अन्य जगहों पर कैमरा लगाया जाएगा। तत्पश्चात ग्रामीण क्षेत्रों जैसे टेलमचों पुल से तेलगडिया मोड़,जोधाडीह मोड,आई टी आई मोड़,कुरा,पिंडराजोड़ा एवं ग्रामीण क्षेत्रों के भीड़ भाड़ वाले इलाके में और चास नगर निगम के वार्डों गली-महौल्ला में भी कैमरा लगाया जाएगा। इसके लिए आम जनता से भी चिह्नित स्थान बताने का सुझाव मांगा गया है,ताकि आपराधिक घटनाएं या किसी प्रकार की अप्रिय गतिविधियां होने पर उन स्थानों के सीसीटीवी कैमरा के फुटेज के आधार पर छानबीन की जा सके।

## 33 साल बाद अपने स्कूल पहुंचे डीपीएस बोकारो के प्रथम बैच के विद्यार्थी, ताजा की यादें

### भूतपूर्व छात्र सम्मेलन में इस्पातनगरी के शैक्षणिक उत्थान में सहयोग का दिया आश्वासन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** रविवार का दिन डीपीएस बोकारो के लिए एक यादगार अनुभवों से भरा दिन रहा। अवसर था भूतपूर्व विद्यार्थियों के सम्मेलन स्मृतिधारा का। खास बात यह रही कि इस सम्मेलन में विद्यालय की स्थापना के बाद प्रथम बैच 1991 के विद्यार्थी शामिल हुए। तीन दशक से भी अधिक समय के बाद आज जिंदगी के खास मुकाम पर पहुंचे इन पुराने विद्यार्थियों का समागम अपने-आप में अविस्मरणीय व अनूठा अनुभव रहा। सभी ने अपने आह्लादित हो अपने पुराने शिक्षकों का आशीर्वाद लिया तथा कौतूहल, उत्साह और पूरी उत्सुकता के साथ अपने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया। भावनात्मक स्मृतियां संजोए 33 वर्ष पुराने अतीत में जाकर वे अपने क्लासरूम, खेल के मैदान, सभागार सहित स्कूल कोने-कोने को निहारते देखे गए। उन्होंने विद्यालय में आए बदलावों को देखा, आधारभूत संरचनाओं में आई बेहतरी पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा आपस में अपने विचार व अनुभव साझा किए। साथ ही, इन पलों को अपने मोबाइल फोन के कैमरे में कैद भी किया। इस यादगार घड़ी का साक्षी उन दिनों के विद्यालय के शिक्षक भी बने। उस समय के विद्यालय के शिक्षक और वर्तमान में स्कूल के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार, वयोवृद्ध शिक्षिका शीला राय शर्मा, डॉ. एस. एस. महापात्रा एवं डॉ. अरुणजी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

इसके पूर्व, विद्यालय की छात्राओं ने सभी आगुंतक भूतपूर्व विद्यार्थियों का तिलक-चंदन लगाकर तथा पुष्प भेंट कर स्वागत किया। स्वागत गान एवं विद्यालय



गीत के उपरांत बच्चों ने विद्यालय के इस संस्थापक बैच के पुरातन छात्र-छात्राओं के सम्मान में आर्केस्ट्रा और मनोरम नृत्य तथा संगीत विभाग के शिक्षकों ने सदाबहार गीतों की नन-स्टॉप मेडली से समां बांध दिया। अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. गंगवार ने कहा कि बीता हर्ष वर्ष एक अनुभव देकर जाता है। उन्होंने भूतपूर्व विद्यार्थियों से आज के बच्चों का मार्गदर्शन कर उनका भविष्य संवारने की दिशा में उनसे सहयोग की अपील की। इसके आलोक में पहले बैच के सभी भूतपूर्व विद्यार्थियों ने डीपीएस बोकारो के साथ-साथ इस्पातनगरी बोकारो के शैक्षणिक विकास में अपनी ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। खास तौर से बच्चों को उद्यमशीलता की अवधारणा व महत्ता समझाने और उनके करियर मार्गदर्शन की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में पुराने शिक्षक रहे डा.अरुण, श्रीमता शर्मा एवं श्री महापात्रा ने भी उस जमाने के अपने विचार साझा किए। तदुपरांत बारी-बारी से भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव बताए। किसी ने डीपीएस बोकारो में आना अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ निर्णय बताया, तो किसी ने विद्यालय की तुलना साकेत (अयोध्या धाम) से की। किसी ने विद्यार्थी जीवन की शरारतें, नादानियों अपनी कमजोरियों और खासियतों को हास्यास्पद अंदाज में प्रस्तुत कर गुदगुदाया तो किसी ने पुराने वाकये बताते हुए शिक्षकों के साथ अपने जुड़ाव की चर्चा की। इस बीच शिक्षक डा. अरुणजी का गायन और भूतपूर्व छात्र डा. सुमित सेठ की सहधर्मिणी चिकित्सक डा. वारिजा की कविता - लिखूं कि जिंदगी तुम्हारे बाद तुम्हें याद करे... ने सबका मन मोह लिया। इस क्रम में प्रथम बैच की स्मृतियों को संजोई एक स्मारिका मेमरीबिलिया-स्मृतिधारा का विमोचन भी किया गया। उपस्थित भूतपूर्व विद्यार्थियों में आशीष वर्मा, अमरेश ओझा, कुमार रंजन, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, तुषार कुमार सिंह, अनुपमा, राजीव रंजन, प्रणव झा, नितिन चरण, गौतम, मृत्युंजय कुमार, डॉ. सुमित सेठ, डॉ. सुष्मिता प्रकाश, संजू सिन्हा, जया सिंह आदि शामिल रहे। अंत में प्राचार्य डॉ. गंगवार ने सभी को स्मृति-फलक भेंटकर सम्मानित किया। इसके बाद भूतपूर्व विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों का भी आनंद लिया तथा बचपन की यादें ताजा कीं।